हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 नालियों पर कब्जा और सड़कों पर कारोबार...



13 भक्ति रस में डूबे ग्रामीण, सुदामा चरित्र के साथ ...





खबर संक्षेप

गांजा बेचने के दो आरोपियों को कैद

दुर्ग। नंदिनी थाना अंतर्गत गोढ़ी रोड में गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपियों को जेल में अब तक बिताए गए 3 महीने 7 दिन की कैद सुनाई गई। आरोपियों पर 15-15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 3-3 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 30 जून 2026 की दोपहर करीब पौने तीन बजे की है। आरोपी सरोरा थाना उरला रायपुर निवासी सन्नी पिता राकेश साहू (27 वर्ष) और त्रिलोचन उर्फ जय प्रकाश पिता ओम प्रकाश घटना स्थल में क्रमशः 2.560 किलो और 2.629 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़े गए थे। आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों आरोपियों पर आरोप सिद्ध पाया गया। शासन के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

भिलाई। स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के नीचे सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार और एयरगन लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले युवक को बजरंग पारा, स्टेशन मरोदा निवासी डावेंद्र नंदेश्वर उर्फ दाउ को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी काले रंग की सुजुकी बर्गमन स्ट्रीट क्रमांक सीजी 07 डीजी 5517 में हथियार और एयरगन लेकर स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज के नीचे लोगों के सामने लहरा रहा था। आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लोहे के कवर में रखा लंबा धारदार हथियार और लोहे की एयरगन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

वेल्डिंग की चिंगारी से भड़की आग, 5 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

श्री श्याम केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग 50 से ज्यादा ड्रम व दो टैंकर जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग अग्निशमन, बीएसपी, एसीसी सीमेंट, रायपुर अग्निशपन और राजनांदगांव के दमकल वाहनों ने संभाला मोर्चा

इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्री श्याम केमिकल फैक्ट्री में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में रखे केमिकल से भरे 50 से ज्यादा ड्रम और दो टैंकर आग की चपेट में आ गए। केमिकल की वजह से आग तेजी से फैलती गई और इसे बुझाने में दमकल टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस के आला अधिकारी और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के वास्तविक कारण, नुकसान और सुरक्षा मानकों से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। आग से किसी प्रकार जन जनहानि नहीं हुई।

आग लगने के कुछ ही देर बाद फैक्ट्री परिसर से ऊंची लपटें उठने लगीं और पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार फैल गया। फैक्ट्री से उठता धुआं करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। आसपास की कंपनियों में भी आग को लेकर दहशत का माहौल बन गया। आग इतनी भीषण थी कि 10 के करीब दमकल वाहनों को मौके पर लगाया गया। जानकारी के अनुसार दुर्ग अग्निशमन विभाग के 5 वाहन, बीएसपी के 2, एसीसी सीमेंट के 1, राजनांदगांव से 1 और रायपुर से 1 दमकल वाहन बुलाए गए। दुर्ग अग्निशमन विभाग के अनुसार करीब पांच घंटे की लगातार मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



पानी से नहीं बुझ रही थी आग फोम का किया इस्तेमाल

अग्निशमन विभाग दुर्ग की ओर से बताया गया कि फैक्ट्री में लगी आग सामान्य आग नहीं थी और इसे केवल पानी से बुझाना संभव नहीं था। आग पर काबू पाने के लिए लगातार फोम का इस्तेमाल किया गया। फोम खत्म होने के बाद सीआईएसएफ से भी मदद ली गई। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम फोम के 15 डिब्बे लेकर मौके पर पहुंची और आग बुझाने के अभियान में सहयोग किया। फैक्ट्री के अंदर केमिकल से भरे ड्रम बड़ी संख्या में रखे हुए थे। आग की चपेट में आने के बाद इनमें से लगातार धमाके की आवाजें सुनाई दे रही थीं। सुरक्षा को देखते हुए दमकल कर्मियों ने काफी सावधानी से आग पर नियंत्रण करने का प्रयास किया। आग की चपेट में आए ड्रमों को बाद में जेसीबी की मदद से फैक्ट्री परिसर से बाहर निकाला गया, ताकि आग को दोबारा फैलने से रोका जा सके।

नेफ्थलीन से बनाई जाती हैं गोलियां

श्री श्याम केमिकल फैक्ट्री में नेफ्थलीन का इस्तेमाल कर उसकी गोलियां यानी बॉल्स बनाई जाती हैं। इसी कारण फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल और तैयार माल मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गुरुवार सुबह अचानक फैक्ट्री परिसर से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में काले धुएं का गुबार पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैल गया। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास की कंपनियों में भी हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में केमिकल भरने के लिए आए दो टैंकर भी आग की चपेट में आकर जल गए। इसके अलावा परिसर में रखे 50 से ज्यादा केमिकल ड्रम भी आग की चपेट में आए। आसपास स्थित कंपनियों ने भी आग बुझाने के अभियान में सहयोग किया और पानी उपलब्ध कराया। कई घंटे तक चले अभियान के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।

ठाणे में छापा मार किराए के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टा के 2 पैनल पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- म्यूल बैंक खातों से करोड़ों के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का खुलासा
- अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का पर्दाफाश, 10 आरोपी गिरफ्तार, 31 मोबाइल और 4 लैपटॉप जब्त

ऑनलाइन सट्टा-बेटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुर्ग पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे में चल रहे एक अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। थाना वैशाली नगर और एसीसीयू दुर्ग की संयुक्त टीम ने ठाणे स्थित किराए के फ्लैट में दबिश देकर दो अलग-अलग ऑनलाइन सट्टा-बेटिंग पैनलों का संचालन कर रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई म्यूल बैंक खातों के दुरुपयोग और संदिग्ध ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन की जांच के दौरान मिले तकनीकी सुरागों के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि दुर्ग-भिलाई और धमतरी क्षेत्र के कुछ युवक ठाणे में किराए का फ्लैट लेकर ऑनलाइन सट्टा पैनलों का संचालन कर रहे थे। आरोपी पैनलों को अलग-अलग शिफ्ट में संचालित करते थे। विभिन्न बैंक खातों और डिजिटल भुगतान माध्यमों के जरिए सट्टे से जुड़ी रकम का लेन-देन किया जाता था। इसके अलावा दैनिक लेन-देन और हिसाब-किताब ऑनलाइन माध्यम से रखा जाता था। पुलिस ने मौके से 31 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, 12 एटीएम कार्ड, 2 पैन कार्ड, 2 बैंक पासबुक और वाई-फाई उपकरण सहित बड़ी संख्या में डिजिटल सामग्री जब्त की है। पेन ड्राइव, पावर बैंक, चार्जर, विभिन्न केबल, नगदी और अन्य तकनीकी सामग्री भी बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में दोनों ऑनलाइन सट्टा पैनलों के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों और डिजिटल पेमेंट माध्यमों से बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब जब्त मोबाइल और लैपटॉप की डिजिटल फॉरेंसिक जांच करा रही है। जांच के जरिए नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, इस्तेमाल किए गए बैंक खातों और ऑनलाइन लेन-देन की पूरी कड़ी खंगाली जा रही है।

पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु तिवारी, उम्र 19 वर्ष, निवासी केम्प-1 शांति पारा, बैकुंठ धाम भिलाई, अंकित निषाद, उम्र 23 वर्ष, निवासी सुभाष नगर, रत्नाबांधा रोड, मधु मेडिकल के सामने धमतरी, नितेश कुमार, उम्र 24 वर्ष, निवासी हटकेसर बस्ती धमतरी, नरेश कन्हाई, उम्र 24 वर्ष, निवासी बालाजी नगर, खुर्सीपार भिलाई, दीपक कश्यप, उम्र 27 वर्ष, निवासी गगरेल गांव जिला धमतरी, मेहुल निषाद, उम्र 23 वर्ष, निवासी सुभाष नगर, हाउसिंग बोर्ड धमतरी, हर्ष वर्धन निषाद, उम्र 19 वर्ष, निवासी अशींगांव, लिटिया सेमरिया थाना बोरी, संतोष राम, उम्र 28 वर्ष, निवासी शंकरपुर, जिला मधुबनी बिहार, भुवन लाल देवांगन, उम्र 28 वर्ष, निवासी अन्नपूर्णा पारा, कांकेर और चेतन ध्रुव, उम्र 27 वर्ष, निवासी सुभाष नगर, पुराना नाका, धमतरी शामिल हैं।

बात नहीं करने पर चाकू मारने वाले युवक को 7 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बात नहीं करने से नाराज होकर युवती को चाकू मारने वाले नगपुरा निवासी खोमन पिता मदन निषाद (24 वर्ष) को न्यायालय से 7 साल कैद की सजा सुनाई। आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 2 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 24 सितंबर 2024 को शाम करीब साढ़े 6 बजे की है। युवती काम करके अपनी स्कूटी से घर लौट रही थी। तभी सांई मंदिर के पास आरोपी ने गाड़ी रुकवाई। किनारे ले जाकर बात क्यों नहीं करती हो कहकर उसे और उसके भाई को मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी ने युवती पर चाकू से हमला किया। इसके बाद मौके से भाग खड़ा हुआ। युवती ने फोन पर घटना की जानकारी अपनी बहन को दी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। प्रकरण में शासन से तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।



नेवई डैम में नशीली टेबलेट बेचते आरोपी गिरफ्तार, 274 अल्प्राजोलम टेबलेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेवई पुलिस ने नेवई डैम क्षेत्र में नशीली टेबलेट बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 274 नग अल्प्राजोलम टेबलेट, बिक्री की रकम 1,09,070 रुपए, एक आईफोन और स्टील का धारदार हथियार बरामद किया गया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 2,59,170 रुपए आंकी गई है।

पुलिस के मुताबिक 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टेशन मरोदा एचएससीएल कॉलोनी, शिवपारा निवासी सूजल सिंह नेवई डैम के पास नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना की पुष्टि और कार्रवाई के लिए पुलिस टीम स्वतंत्र गवाहों के साथ नेवई डैम स्थित इमली झाड़ के पास पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अल्प्राजोलम टेबलेट की 274 नग टेबलेट मिलीं। इसके अलावा नशीली टेबलेट की बिक्री से प्राप्त 1,09,070 रुपए नगद, एक आईफोन मोबाइल और एक स्टील का धारदार हथियार भी बरामद किया गया। नेवई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 22(ख), 27(क) एनडीपीएस एक्ट और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध किया गया।



- 1.09 लाख नकद, आईफोन और धारदार हथियार भी बरामद, जब्त सामग्री की कुल कीमत 2 .59 लाख



डी-सी केबिन में ट्रेनों के स्टॉपेज बंद होने पर भड़का जनआक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएमवाय चरोदा के डी और सी केबिन में लोकल व पैसेंजर ट्रेनों के स्थायी स्टॉपेज बंद किए जाने के विरोध में क्षेत्र के दैनिक यात्रियों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्टॉपेज बहाल करने की मांग को लेकर प्रभावित यात्रियों और ग्रामीणों ने गुरुवार को डी केबिन के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रसाद ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और डीआरएम के नाम ज्ञापन लिया। लोगों के अनुसार डाउन लाइन स्थित डी केबिन और अप लाइन स्थित सी केबिन में वर्षों से लोकल और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता रहा है। पिछले महीने रेलवे प्रशासन द्वारा इन स्टॉपेज को बंद किए जाने के बाद रायपुर और दुर्ग की ओर रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे और निजी संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और आसपास के ग्रामीण अब ट्रेन पकड़ने के लिए देवबलोदा-चरोदा स्टेशन या जी केबिन तक जाने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में शामिल जोन-3 के पार्षद चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि यात्रियों को कई मामलों में 3 से 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। एमएसटी से यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों का कहना है कि घर से दूर स्टेशन तक पहुंचने के लिए उन्हें रोजाना सामूहिक रूप से ऑटो किराए पर लेना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन में देवबलोदा, उरला, जंजगिरी, चरोदा बस्ती और दादर गांव के ग्रामीणों के साथ रेलवे कॉलोनी जोन-2 और जोन-3 के नागरिक भी शामिल हुए। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। प्रदर्शन में लखेश्वर कोसरे, रोहित यादव, गीता कुमारी, मनिका गिरी, मीनाक्षी मांझी, अंजनी निषाद आदि मौजूद थे।



कांग्रेसियों ने बताया लोकतंत्र के लिए काला दिवस, काली पट्टी लगाकर की नारेबाजी

मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, भैंस के सामने हॉर्न बजाकर जताया विरोध, लोकतंत्र बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/भिलाई

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 8 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस के रूप में मनाते हुए ग्रामीण जिला कांग्रेस के सभी 9 ब्लॉक कमेटियों द्वारा कुल 10 स्थानों पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया। इन प्रदर्शनों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा, संविधान की मर्यादा बनाए रखने तथा चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की। काला दिवस के तहत जामुल में आयोजित विरोध प्रदर्शन सबसे अनोखे और प्रतीकात्मक तरीके से किया गया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भैंस के सामने हॉर्न बजाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की लगातार उठ रही इस्तीफे की मांग के बावजूद बनी हुई चुप्पी पर व्यंग्यात्मक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है, बार-बार बीन बजाई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद वे चुप्पी साधे बैठे हैं। इसी को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए भैंस के सामने हॉर्न बजाकर यह संदेश दिया गया कि जब लोकतांत्रिक सवालों और जनता की आवाज पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आती, तो विरोध का यह अनोखा तरीका अपनाना पड़ता है। जामुल में राकेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी व्यवस्था से जुड़े गंभीर सवालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त को जवाब देना चाहिए। लोकतंत्र में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की चुप्पी जनता के सवालों का जवाब नहीं हो सकती।

ग्रामीण क्षेत्रों के 10 जगहों पर दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



शिवपुरी जामुल, किसान चौक जामगांव आर, बाजार चौक कुम्हारी, आत्मानंद चौक पाटन, मुरमुंदा-अहिवारा, धमधा मेन रोड बस स्टैंड, अहिवारा, भिलाई-3 चरोदा तथा उतई एवं अंजोरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा निर्धारित समय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ सहित विभिन्न नारों के साथ केंद्र सरकार एवं निर्वाचन व्यवस्था के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने काले दिवस के प्रतीक स्वरूप काली पट्टी एवं काले वस्त्र धारण कर लोकतंत्र एवं संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का संकल्प लिया। कांग्रेस ने मांग की कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाया जाए तथा चुनाव व्यवस्था की अखंडता एवं निष्पक्षता को पूरी तरह बहाल किया जाए। भारत का लोकतंत्र जनता के अधिकार, संविधान और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था पर टिका हुआ है। यदि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और विपक्ष की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, श्रीकांत वर्मा, टनेन्द्र ठाकरे, कुमुद मढ़रिया, पारस बंछोर, जामुल में कमलेश साहू, करीम खान, प्रकाश ठाकुर, सुनीता चन्नेवार, सबीहा खान, सरोजनी चंद्राकर, रामप्यारी वर्मा, प्रवीण देवांगन, मुरमुंदा में उमेश साहू, हीरा वर्मा, हेमन्त साहू, सुमन साहू आदि मौजूद थे।

दुर्ग शहर के पांच ब्लॉकों में निकली आक्रोश रैली, पुतला दहन कर जताया विरोध



दुर्ग। भारतीय लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के तत्वावधान एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग शहर के पांचों ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा क्रमबद्ध रूप से विरोध प्रदर्शन, आक्रोश रैली एवं पुतला दहन किया गया। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, संविधान की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास को लेकर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आपत्तियां और मांगें जनता के बीच रख रही है तथा संबंधित संस्थाओं से पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों के मुद्दों को लेकर लगातार जनता के बीच जाएंगे और शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा चौक से हुई, जहां दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त से जुड़े मुद्दों को लेकर नारेबाजी की तथा अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां लेकर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की मांग उठाई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने चुनावी व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार एवं निर्वाचन व्यवस्था के खिलाफ अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं तथा इसके बाद पुतला दहन किया गया। इसके अलावा कांग्रेस भवन से 5 कंडील तक रैली निकाली गई। पुतला दहन किया गया।अग्रसेन चौक, भारत माता चौक सिकोलाभाटा में भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा, संजय कोहल, अल्ताफ अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

अवैध रूप से कीटनाशक का भंडारण, अपराध दर्ज

भिलाई। अम्लेश्वर पुलिस ने अवैध रूप से कीटनाशक का भंडारण करने के मामले में मेसर्स शिवालय क्राप साइस के संचालक प्रमोद कुमार साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सह कृषि विकास अधिकारी जामगांव एम निरीक्षक ललिता साहू ने बताया कि ग्राम भोथली वृन्दावन नगर के एक प्रायवेट गोडाउन व मकान मे अवैध रूप से कीटनाशक का भण्डारण पाया गया था। बीते 8 अगस्त गोडाउन में छापा मारा गया जहां अवैध रूप से भण्डार पाये जाने पर मेसर्स शिवालय क्राप साइंस, वृन्दावन नगर, भोथली पाटन, के प्रोपराइटर प्रमोद कुमार साहू एवं जांच में पाए जाने वाले अन्य उत्तरदायी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की जिला स्तरीय कार्यशाला आज

दुर्ग। युवाओं और विद्यार्थियों में नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 9 अक्टूबर को सिविक सेंटर स्थित आईसीएआई भवन में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत भाग लेने के तरीकों, मेंटरशिप, फंडिंग और शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसमें जिले के कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों के छात्र-छात्राएं और युवा नवान्वेषक हिस्सा ले सकते हैं। प्रदेश के अनेक स्टार्टअप और उद्यम खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और परिवहन जैसे क्षेत्रों में नई तकनीक, नए उत्पाद और नए सेवा मॉडल विकसित कर रहे हैं। सेंसर आधारित कृषि उपकरण, कृषि अवशेष से बने उपयोगी उत्पाद या सेवाओं को और सुलभ बनाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म इसके उदाहरण हो सकते हैं। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 ऐसे नवाचारों को पहचान देने और उन्हें व्यापक उपयोग की ओर ले जाने का मंच है। चैलेंज का उद्देश्य ऐसे नवाचारी समाधान सामने लाना है जो पहले से उपलब्ध तरीकों से नए और अलग हों तथा ज़मीन पर लागू किए जा सकें। इसलिए कार्यरत प्रोटोटाइप, फील्ड पायलट, उपयोगकर्ताओं की संख्या या अन्य प्रमाण रखने वाले उद्यमों के लिए यह एक उपयुक्त अवसर है। साथ ही विचार या प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट स्तर के नवाचार भी भेजे जा सकते हैं। स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा कंपनियां संस्था के रूप में आवेदन कर सकती हैं। आवेदक अथवा किसी एक संस्थापक के पास छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। कंपनी पंजीयन अथवा डीपीआईआईटी मान्यता अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक विजेता को 10 लाख की राशि दी जाएगी। प्रत्येक क्षेत्र में पांच विजेता होंगे। तीन सामान्य, एक महिला तथा एक 21 वर्ष से कम आयु श्रेणी से। कुल पुरस्कार राशि 5 करोड़ है। एक आवेदन पर एक ही पुरस्कार दिया जाएगा। आवेदन पोर्टल sevainnovationchallenge.in पर मोबाइल ओटीपी से पंजीयन कर किया जा सकता है। एक नवाचार केवल एक बार, एक ही क्षेत्र और उप-विषय में भेजा जा सकेगा; दोहरे आवेदन निरस्त किए जाएंगे। पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है।

ओवरहेड टंकी बनने से पानी की समस्या में राहत लेकिन वार्ड 10 बदहाल

नालियों पर कब्जा और सड़कों पर कारोबार

जर्जर पुलिया, अधूरी सड़कें और जलभराव अब भी वार्डवासियों की सबसे बड़ी परेशानी

वार्ड 10 परिक्रमा नगर निगम भिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 10 में वार्ड परिक्रमा के दौरान बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। कहीं नालियों में गंदगी नजर आई तो कहीं नालियों और सड़कों पर कब्जा कर कारोबार संचालित होता मिला। वार्डवासियों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या पहले काफी गंभीर थी, लेकिन ओवरहेड पानी टंकी बनने के बाद स्थिति में काफी सुधार आया है। हालांकि सड़क, नाली, पुलिया और बिजली व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। वार्डवासियों के मुताबिक कुछ समय पहले तक वार्ड में पानी की समस्या सबसे बड़ी परेशानी थी। लोगों को सालभर टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता था। ओवरहेड पानी टंकी बनने के बाद इस समस्या में करीब 70 फीसदी तक कमी आई है। लोगों को नियमित पानी मिलने से राहत जरूर मिली है, लेकिन वार्ड की दूसरी समस्याओं का पूरी तरह समाधान नहीं हो पाया है। वार्ड में भ्रमण के दौरान लोगों ने बताया कि कई स्थानों पर अब तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है। कुछ जगहों पर सड़क की स्थिति खराब है, वहीं पुलिया भी जर्जर हालत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान इन समस्याओं के कारण आवागमन में परेशानी बढ़ जाती है।



पार्षद ने गिनाए पांच साल के विकास कार्य



वार्ड 10 के पार्षद चन्द्रशेखर गवई ने बताया कि उनके पिछले पांच साल के कार्यकाल में वार्ड में करीब 2 करोड़ 35 लाख रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं। इनमें बोर खनन, सड़क एवं नाली निर्माण, शेड निर्माण के साथ ही वार्डवासियों के लिए बैठने हेतु चेयर और जिम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। पार्षद गवई ने बताया कि वार्ड में कुछ विकास कार्य स्थानीय स्तर पर सामने आए विवादों के कारण प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिंटू किराना स्टोर के पास सड़क निर्माण वार्डवासियों के आपसी विवाद के चलते नहीं हो पाया। उनके मुताबिक, यदि वहां सड़क निर्माण हो जाता तो इसी के साथ जर्जर पुलिया का संधारण कार्य भी कराया जा सकता था। उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्य लगातार कराए गए हैं और जो काम विवाद या अन्य कारणों से अधूरे रह गए हैं, उन्हें भी आगे पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

नालियों की बनावट से जलभराव की समस्या



वार्ड की नालियों को लेकर भी लोगों ने शिकायत की। स्थानीय निवासी कलीम खान, नंद कुमार साहू, जीवनलाल, दिलीप टंडन, भोलु के अनुसार कई जगह नालियों की बनावट ऐसी है कि पानी का बहाव सही तरीके से नहीं हो पाता। नतीजतन नालियों में पानी जमा रहता है और गंदगी भी बनी रहती है। कई स्थानों पर लोगों द्वारा नालियों के ऊपर कब्जा कर लिया गया है। इससे सफाई कर्मचारियों को नालियों तक पहुंचने और नियमित सफाई करने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी और जलभराव की समस्या और बढ़ जाती है। बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है।

वार्डवासियों का यह कहना

सड़क पर खाना बनाने से रास्ता प्रभावित



वार्डवासियों ने कुछ होटल संचालकों को लेकर भी शिकायत की। चुन्नु साहू ने बताया कि कुछ होटल और खाद्य कारोबारियों द्वारा सड़क पर ही खाना बनाने का काम किया जाता है। इसके कारण सड़क का एक हिस्सा घिर जाता है और मार्ग पर आवाजाही प्रभावित होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए सड़क और सार्वजनिक स्थान का इस्तेमाल होने से कई बार रास्ता बाधित हो जाता है। इससे वाहन चालकों और पैदल आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है।

ट्रांसफार्मर के आसपास उगी झाड़ियां



वार्ड में बिजली व्यवस्था से जुड़ी समस्या भी सामने आई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, ट्रांसफार्मर के आसपास जंगल और झाड़ियां उग आई हैं। उनका कहना है कि झाड़ियों के कारण कई बार शॉर्ट सर्किट की स्थिति बनती रहती है। लोगों ने ट्रांसफार्मर के आसपास की झाड़ियों की सफाई और नियमित रखरखाव की मांग की है। कई बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा।

शहर को बदरंग करने डिवाइडरों पर कटआउट लगाने वालों पर 5 हजार रुपए का लगेगा जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- महापौर अल्का बाघमार ने दिए एफआईआर कराने के निर्देश

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के प्रमुख मार्गों एवं डिवाइडरों पर लगाए जा रहे अवैध विज्ञापन कटआउट को लेकर महापौर अलका बाघमार ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर ने निगम के बाजार विभाग एवं अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर डिवाइडरों पर लगाए गए कटआउट की जानकारी जुटाने तथा उन्हें तत्काल हटाकर जब्त करने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने अधिकारियों से डिवाइडरों पर लगाए गए सभी कटआउट की रिपोर्ट भी मांगी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निगम की अनुमति के बिना डिवाइडरों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर किसी भी प्रकार की विज्ञापन सामग्री, कटआउट अथवा प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन द्वारा बिना अनुमति डिवाइडरों पर विज्ञापन सामग्री एवं कटआउट लगाने वालों से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा विज्ञापन सामग्री लगाने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। निगम द्वारा कटआउट पर अंकित विज्ञापन, संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था तथा इसे लगाने वाले की जानकारी भी जुटाई जाएगी।

पूरे शहर का होगा सर्वे भेजा जाएगा नोटिस

महापौर अलका बाघमार ने बाजार विभाग एवं अतिक्रमण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के मुख्य मार्गों पर नियमित निरीक्षण किया जाए और जहां भी बिना अनुमति कटआउट लगे पाए जाएं, उन्हें तत्काल हटाकर जब्त किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की गरिमा बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। डिवाइडर किसी भी व्यक्ति या संस्था के निजी प्रचार-प्रसार का माध्यम नहीं बनना चाहिए।

एफआईआर भी कराएगा निगम

निगम प्रशासन के निर्देश के बाद पुलगांव से पटेल चौक, पटेल चौक से मालवीय चौक, रायपुर नाका, उतई टेम्पो चौक से जेल चौक, चार्ज रोड, धमधा रोड तथा पटेल चौक से ग्रीन चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों पर लगे अनधिकृत कटआउट हटाने एवं जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। बाजार प्रभारी शेखर चन्द्राकर ने कहा कि महापौर के निर्देश के बाद बाजार विभाग एवं अतिक्रमण विभाग की टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण शुरू किया जा रहा है।

रक्तदान और नेत्रदान के लिए लोगों को किया प्रेरित

10 लोगों ने भरा नेत्रदान का संकल्प पत्र

भिलाई। रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में रक्तदान शिविर लगाया गया, वहीं नगर निगम चरोदा-भिलाई-3 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित रक्तदान शिविर में डॉ. शिखर अग्रवाल ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नारायण साहू, हथखोज एवं डुमेश्वर यादव, डबरापारा ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। ब्लड बैंक के चिकित्सा अधिकारी और रोगविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. चुरेंद्र और उनकी टीम ने रक्तदान करने वाले लोगों की आवश्यक जांच की। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं, विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं 10 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर जरूरतमंद लोगों की जिंदगी में रोशनी लाने की दिशा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना पांडेय, आर विश्वास, देवेंद्र राजपूत, सिरसा कला के फार्मासिस्ट स्मिता बागड़े, संजय सेन, लीलावती बंजारे, शांता चक्रवर्ती, पी स्वामी और उषा वर्मा आदि मौजूद थे।



जामुल में सेवा सेतु शिविर का आयोजन

जामुल। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जामुल क्षेत्र में 'सेवा ज्योति भव्य यात्रा' निकाली गई, जिसका समापन नगर पालिका कार्यालय में हुआ। अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जारी सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 16 मंगल भवन में 'सेवा सेतु शिविर' आयोजित किया गया। शिविर में आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास तथा नल-जल योजना संबंधी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसका मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा एवं शिविर में पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

सुभाष नगर व केलाबाड़ी में अवैध प्लॉटिंग, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

दुर्ग। सुभाष नगर और केलाबाड़ी क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अवैध कॉलोनी, अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की।इन नियमों के विरुद्ध काम करने वालों पर कार्रवाई की मांग भी की गई। समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष रज्जाक रजा ने बताया कि वर्तमान में शहर के बीचोबीच सुभाष नगर, केलाबाड़ी में लगभग 5 एकड़ जमीन जिस पर मुरम, मिट्टी डालकर खुलेआम शासन के नियमों को ताक में रखकर अवैध प्लाटिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जमीन को एक एकड़ या 2 एकड़ में बेचकर दलालों को संरक्षण देकर नई मस्जिद के आसपास 2 वर्ष के अंतराल में कई टुकड़ों में बेचे जा चुके हैं। भविष्य में अवैध प्लाटिंग और होने की संभावना है। उक्त जमीनों के हो रहे अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाई जाकर शीघ्र ही कठोर कार्यवाही किया जाएं, जिससे अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनी के विस्तार पर रोक लगाई जा सके।

72×72 फीट की भव्य रंगोली में दिखा सेवा के रंग, राष्ट्र के संग का संदेश

विद्यार्थियों व युवाओं ने रंगों से उकेरी जनसेवा और राष्ट्रभक्ति की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भिलाई नगर विधानसभा स्तरीय 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' रंगोली कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्री शंकराचार्य विद्यालय, हुडको में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों और युवाओं द्वारा तैयार की गई 72×72 फीट की विशाल रंगोली रही। रंगोली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जनसेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सरोकारों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पाण्डेय उपस्थित थे। वहीं भाजपा जिला भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, कार्यक्रम जिला प्रभारी चंद्रकांता मांडले, श्री शंकराचार्य समूह संस्थानों के अध्यक्ष आईपी मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी, विद्यालय प्राचार्य अभिजीत दास, खुर्सीपार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित साहू और भाजपा पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। आयोजन में दीपक शर्मा, निदेशक शंकराचार्य विद्यालय का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल भोंसले, पश्चिम मंडल महामंत्री बी. पद्मानाभन और ऋतुराज शर्मा, पश्चिम मंडल मीडिया प्रभारी रेहान अहमद तथा कार्यक्रम प्रभारी सीमा तिवारी, मेघा कौर और रूपवती सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला सहसंयोजिका गीतांजली कौशिक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भाजपा पश्चिम मंडल सह मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार सोनवानी ने किया।





खबर संक्षेप



विहिप व बजरंग दल ने किया संगठन विस्तार

कुम्हारी। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल द्वारा कुम्हारी प्रखंड के गंगा नगर में बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार किया गया। बैठक में युवाओं को समाजहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया तथा नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इसमें गणेश यादव को सह संयोजक, बादल ध्रुव को खंड अध्यक्ष, अर्जुन यादव को मंत्री और वरजून यादव को संयोजक बनाया गया। बैठक में विहिप के जिला मंत्री राकेश रामलोचन तिवारी, रौनक गौर, भूपेन्द्र मानिकपुरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संयुक्त खातेदारों को एग्रीस्टेक पंजीयन में राहत

अण्डा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने संयुक्त खातेदार किसानों को बड़ी राहत



दी है। नए निर्णय के अनुसार अब केवल लम्बरदार का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य होगा, पृथक सह-खातेदारों के पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे पंजीयन प्रक्रिया सरल होगी और किसानों को धान विक्रय के दौरान अनावश्यक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।

दिया बेहतर पोषण और स्वास्थ्य का संदेश



अंडा। ग्राम पंचायत आलबरस में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण तथा शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, बाल विकास विभाग की कंचन गौतम तथा डॉ. शैलजा चंद्राकर की उपस्थिति में गांव की माताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने माताओं को सम्मानित करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की।

निधन

खिलावन साहू



भिलाई। पदुमनगर भिलाई तीन निवासी खिलावन साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामप्यारी साहू के पति, मेघनाथ साहू व जागेश्वर साहू के पिता और हेमलाल साहू निर्मोही, मिलन साहू के भाई थे।

गुमशुदा की तलाश



नाम एमन कुमार चंद्राकर पिता स्व. भारत लाल चंद्राकर उम्र 59 वर्ष, निवासी- ग्राम रूही, पोस्ट- जमगांव (एम) तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी है, रंग गेहुंआ, कद 5.6" लगभग यह व्यक्ति वर्ष 2003 से लापता है अंतिम बार पाटन, दुर्ग क्षेत्र से लापता हुए थे। जिस किसी सज्जन को कहीं भी दिखाई दे कृपया अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या उपरोक्त नंबर पर संपर्क करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

तुंगेश्वर/चंद्रकुमार/संजय चंद्राकर
मो.- 9424105890
आपातकालीन डायल- 112

नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आठवां दिन

भक्ति रस में डूबे ग्रामीण, सुदामा चरित्र के साथ गूंजे 'जय श्री कृष्णा' के जयकारे

द्वारिका लीला, यदुवंश क्षय एवं परीक्षित मोक्ष तक का भावपूर्ण वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम लोन्डी बालोद जिला में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आठवें दिन गुरुवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज (लिमतरा, दुर्ग) ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के भावपूर्ण प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, यदुवंश क्षय एवं परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया।

कथा के दौरान संत निरंजन महाराज ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए सच्ची मित्रता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने बालसखा सुदामा के प्रति किए गए प्रेम और सम्मान का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद द्वारिका लीला एवं यदुवंश क्षय के प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथावाचक ने श्रीमद्भागवत के माध्यम से जीवन की नश्वरता और भगवान की भक्ति के महत्व को समझाया।

कथा में राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग भी सुनाया गया। भगवान की कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करता है और प्रभु की भक्ति से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, इसका संदेश दिया गया। आठवें दिन भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण (चढ़ोत्तरी कार्यक्रम) भी आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान के श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

ग्राम लोन्डी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन 9 अक्टूबर शुक्रवार को गीता सार प्रवचन, हवन पूर्णाहुति, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा स्नान के साथ होगा।

इस धार्मिक आयोजन के सूत्रधार ग्राम लोन्डी के साहू परिवार हैं। आयोजनकर्ता स्वर्गीय जंगलूराम, स्वर्गीय सोना बाई साहू, मानिक राम, लक्ष्मी बाई साहू, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, स्वर्गीय देवारिन बाई, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश साहू, ममता, ब्रह्मराम साहू, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश, ललिना सहित समस्त साहू परिवार ने क्षेत्रवासियों, इष्ट-मित्रों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में शामिल होने का आग्रह किया है।

सियाराम के बिना हर काज अधूरा : भूपेश

पाटन। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केसरा एवं बोरेंदा में आयोजित रामधुनी सम्मेलन में शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य आतिथ्य में शिरकत की। उन्होंने सियाराम के बिना हर कामकाज को अधूरा बताया और कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या का मायका है, जहां भांचा श्रीराम का चरण छूकर वंदन करने की परंपरा आदि-अनंत काल से जीवंत है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में अंतिम व्यक्ति के उत्थान के साथ संस्कृति, परंपरा, गौमाता की सेवा, किसानों की खुशहाली, गरीब विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा व्यवस्था तथा मजदूरों के कल्याण हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की गई। ग्रामवासी एवं सरपंच कामेश कश्यप की मांग पर भूपेश बघेल ने भाटापारा बोरेंदा में सर्व समाज हेतु सामुदायिक भवन की घोषणा की। ग्राम केसरा में शीतला सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं आंगनवाड़ी भवन का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू (पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग), दिनेश साहू (जनपद सदस्य), सोहन जोशी (मंडल अध्यक्ष), डॉ. ईश्वर निषाद (सरपंच केसरा), कामेश कश्यप (सरपंच), तेजराम सिन्हा (उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस), सागर सिन्हा (सेक्टर अध्यक्ष), नंदनी नोहर साहू (पूर्व जनपद सदस्य पाटन), सुनीता यदु (पूर्व सरपंच), द्रोपती साहू एवं गजानंद सिन्हा मंचासीन रहे। इस दौरान रामलाल यादव, नोहर साहू, बसंत सिन्हा, कमलेश पटेल, लक्की सिन्हा, डॉ. भुनेश्वर सिन्हा, चोवा सिन्हा, बैदूराम, नरेश सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा, भगवानी, भागवत निषाद, गौतम कोरे, आकाश यादव, कृष्णा खरे, ईश्वर यादव, होमसिंग साहू, खिलावन साहू, अश्वनी साहू, कामेश सिंह ठाकुर, मुकेश साहू, नारद पाल, बहुर निषाद, भीषम देवांगन आयोजक समिति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





कांग्रेस नेताओं ने किसान चौक में जलाया चुनाव आयुक्त का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओं ने गुरुवार को जामगांव आर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में किसान चौक जामगांव आर में कांग्रेसी नेताओं उग्रप्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पुतला दहन किया। इस दौरान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चुनाव आयोग विरोध में प्रदर्शन किए। कार्यक्रम में रूपेंद्र शुक्ला(अध्यक्ष- सरपंच संघ पाटन) उमाकांत चंद्राकर (वरिष्ठ कांग्रेसी), कपूर साहू (मंडल अध्यक्ष जामगांव आर) राजाराम गहीरवार (वरिष्ठ कांग्रेसी), जयप्रकाश चंद्राकार (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण) देव कुमार निषाद, भेष कुमार आठे,प्रेमप्रकाश पाण्डेय, आशीष कुमार जैन, शिवकुमार साहू, नीलकंठ शुक्ला, रूपचंद गजपाल, रामकृष्ण साहू, अमित अग्रवाल, जिधन ठाकुर, भूपेंद्र बघेल, सोहन जोशी, शेखर चंद्राकर, रामनाथ साहू, नाथू बारले, प्यारेलाल भारती, रामाधार वर्मा, विष्णु वर्मा ,ठाकुर राम वर्मा, भुवनेश्वर निषाद, नारायण वर्मा, नारद नेताम, हेमशंकर यादव, रंजीत मारकंडे, रिकेश्वर सिंह, रिकी राम नारंग, लखन लाल, गणेश्वर यादव मोरजध्वज चंद्राकर, डेविड चंद्राकर, ऋषभ चंद्राकर, पोषण साहू, जयप्रकाश नेताम, रेवा राम साहू,ढाल सिंह, राजा चंद्राकर, लोकनाथ साहू, तामेश्वर प्रसाद इत्यादि की सहभागिता रही।

वार्ड-17 में कचरा प्रबंधन के लिए 96 लाख से लगेगा प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिका जामुल क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत रूप में जारी है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्ड 17 में 96 लाख रुपये के लागत से कचड़ा प्रबंधन हेतु प्लांट स्थापित होगा। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया की हमारे नगर पालिका जामुल क्षेत्र में चाहे केन्द्र सरकार योजना हो या राज्य सरकार की प्रत्येक योजना को क्रियांवित करने नगर पालिका जामुल को प्राथमिकता दिया जाता है। जिसमें परिणाम स्वरूप आज हम सब इसे बडे योजना के कार्य का भूमिपूजन कर रहे है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि डोर-टू-डोर कलेक्शन से आने वाले सूखा एवं गीले कचरा का निष्पादन इस नये बनने वाले संयंत्र में होगा। हमने भविष्य को ध्यान में रखते हुए एवं जामुल की बढती आबादी को पर्याप्त सुविधा देने के लिये इस प्रकार के कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जिसे हमारे डबल इंजन की सरकार ने स्वीकृति दिया और 96 लाख रूपये संयंत्र स्थापना के लिए राशि प्रदान कर दिया है। जिससे शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ होगा। मैं आप सभी जनता जनार्दन को बताना चाहुगा कि स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ नीति योजना नहीं है। बल्कि यह एक आंदोलन है। जो अनवरत चलेगा। जिससे हमारे पालिका जामुल साफ सुथरा एवं स्वच्छ होगा। जिसमें आप सभी नगर वासियों की सहभागिता होगी। उन्होंने कहा कि घरों के कचड़ा को हमारे स्वच्छता दीदी स्वच्छता मित्रों को दे। उसे नाली सड़क में ना फेंके। मैं आप सबसे यही सहयोग की अपेक्षा रखता हुं। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद कविता विश्वाल, के राजू, उपअभियंता विनायक गर्ग, रामू देवांगन, बाली बर्मन, पीआईयू गौरव केशरवानी, तोरण साहू, सुपरवाईजर अनिता साहू, हेमिन साहू सहित पूरे स्वच्छता दीदी उपस्थित थें। भुमिपूजन कार्य पंडित राजेश्वर शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया।

नुक्कड़ नाटक से जीवंत हुआ पीएम का जीवन वृत्त

नंदकठी। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय नंदकठी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। भाजपा

- नंदकठी विद्यालय के छात्रों ने दी राष्ट्र सेवा पर प्रभावी प्रस्तुति



जेवरा सिरसा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। यहां स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संघर्ष, परिश्रम, राष्ट्रसेवा एवं प्रेरणादायी जीवन को सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरस्वती बंजारे (जिला पंचायत अध्यक्ष), प्रतिभा देवांगन/पूर्णिमा वर्मा (जनपद सदस्य), सुशील साहू (सरपंच), वर्षा देवांगन (प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदकठी), मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू, बूथ अध्यक्ष हरिदास मानिकपुरी, सुखनंदन देशमुख, द्वारिका देवांगन, सीएसी पार्वती श्रीवास्तव एवं समस्त पंचगण व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

मोदीकेयर बिजनेस से रोजगार का बेहतरीन अवसर



भिलाई। मोदीकेयर बिजनेस से रोजगार का बेहतरीन अवसर है। भिलाई मे पासपोर्ट के लिये जाने पहचाने श्रीकांत जैन ने बताया कि हम पिछले 2-3 वर्षों से बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है। हम सब कुछ न कुछ करना चाहते है और बहुत से लोग अतिरिक्त आय का साधन भी तलाश रहे है। ऐसे में मोदीकेयर बिजनेस एक बेहतरीन अवसर है। हम सभी कहीं न कहीं से अपनी रोज की जरुरत का सामान खरीद कर ला रहे है। आपको कुछ नहीं करना है, बस अपनी दुकान बदलनी है और आपके घर खर्च पर आपको 30 से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा शुरू हो जाएगा। फ्री रजिस्ट्रशन होने के बाद अगर आप लगभग 3000- 3500 की खरीदारी करते है तो आपको सभी सामान पर 20 से 25% की छूट के साथ 10 से 15% का का फ्री गिफ्ट तुरंत प्राप्त होगा। आपके बैंक खाते पर 2 से 6% कैश बेक आयेगा और 6 महीने लगातार खरीदारी करने पर सातवें महीने। औसत खरीदारी का एक महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 17% और 12 महीने लगातार खरीदारी करने पर तेरहवें महीने दो महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 25%। इस तरह से आपको लगभग 60% की बचत व फायदा हो जाएगा । अधिक जानकारी के सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर संपर्क कर सकते है। यहां पासपोर्ट, वीसा, टिकट व पैकेज टूर विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध है।

जामुल में गूंजी लोक कला की तान



जामुल। भिलाई जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार तथा संस्कृति विभाग के सहयोग से वार्ड-3 लक्ष्मी पारा जामुल में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'लोक धरोहर' का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत 'बंटी' गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक कला और सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखाराम बंछोर, अरुण सिंह, ओमप्रकाश साहू सहित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में लोक संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया गया।

अंचल की खबरें

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ दिलाई शपथ



उतई। ग्राम पंचायत डूमरडीह में 'आंगन मिलन सेवा चौपाल' आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने बेटियों को समान अवसर देने पर जोर दिया। सेक्टर सुपरवाइजर प्रमिला वर्मा ने विभागीय योजनाओं एवं मातृ-शिशु देखभाल के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं बच्चों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों (सरोजा मंडावी, ज्योति देवांगन, जागृति मार्कण्डेय) ने तीन आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के खेलने व सीखने के लिए खिलौने भेंट किए। पंचायत सचिव शोभाराम डहरे, संकुल प्रभारी पोषण मार्कण्डेय, स्वास्थ्य कार्यकर्ता धनश्री साहू, हिमानी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

अन्नप्राशन और माताओं की हुई गोदभराई



उतई। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम सांकरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा उत्सव' धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। आयोजन के दौरान बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार, माताओं की गोदभराई तथा सुपोषित बच्चों का सम्मान किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष व सरपंच रवि सिंगौर ने कहा कि सुपोषित बच्चे ही मजबूत समाज की नींव हैं। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक दर्शिका शास्त्री, सुनीता साहू, पदमनी साहू, लक्ष्मी सिंगौर, कामता सिंगौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आंगन मिलन समारोह



उतई। सेक्टर उतई के ग्राम पंचायत घुघसीडीह में आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला कामड़े, सरपंच ललिता बारले एवं उपसरपंच घनश्याम साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं महिलाओं व बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कुर्सी दौड़ में काजल और बच्चों में हर्षिका प्रथम रहीं। कार्यक्रम में तीन बच्चों का अन्नप्राशन तथा दो गर्भवती माताओं का गोदभराई संस्कार कराया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को खीर-पूड़ी का न्यौताभोज कराया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व मितानिनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय समारोह में 21 विद्यार्थियों का सम्मान



कुम्हारी। माँ कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति (छत्तीसगढ़) द्वारा रायपुर स्थित भामाशाह साहू छात्रावास के ताराचंद हॉल में राज्य स्तरीय 'माँ कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी व पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) रामकृष्ण साहू थे तथा अध्यक्षता समिति अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर 21 मेधावी विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), राज्य लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी), अभियांत्रिकी, डॉक्टरी, प्रबंधन, वकालत, सीए, सीएमए व कंप्यूटर विज्ञान की पढ़ाई हेतु कुल 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तरुण कुमार साहू (किरण), सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक सुकृत लाल साव, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर बी.सी. साहू, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता रामफल साव, प्राध्यापक डॉ. एल.एस. गजपाल, सेवानिवृत्त सह-प्राध्यापक घना राम साहू, डॉ. जया साहू तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित साहू उपस्थित रहे। आयोजन में 10वीं बोर्ड मेरिट से राणु सिद्धिमयी साहू, लीना साहू, नोबेल कुमार साहू, तीशा साहू, दिव्यांश साहू, तोषण दास साहू, तुलसी साहू व सौम्या साहू तथा 12वीं बोर्ड मेरिट से रिया साहू (कुम्हारी), हेमलता साहू, तनीषा साहू, चैतु राम साहू, शीतल साहू, काजल साहू, विद्यारानी साहू, युक्तमुखी साहू व दुनिशा साहू को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयनित 18 अधिकारियों, न्यायिक सेवा हेतु सृष्टि सोनकला (साहू), चंद्रयान अभियान से संबद्ध रागिनी साहू, संगीत क्षेत्र की 13 वर्षीय वंदिता साहू, कृषक चोवाराम साहू, उद्यमी केहरू राम साहू तथा 'कौन बनेगा करोड़पति' विजेता योगेश साहू (आईआईटी मुंबई) का भी सम्मान हुआ।



खबर संक्षेप

लावारिस शव का सर्व समाज कल्याण समिति ने किया अंतिम संस्कार

भिलाई। मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई ने एक अज्ञात युवक का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। युवक की मौत खारुन नदी में डूबने से हुई थी और उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।



जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को करीब 30 से 35 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति की कुम्हारी क्षेत्र में खारुन नदी में डूबने से मौत हो गई थी। शव की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। 7 अक्टूबर को कुम्हारी थाना से आरक्षक दशरथ सेठी ने सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर शव के अंतिम संस्कार के लिए सहयोग मांगा। इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह को दी गई। अध्यक्ष के निर्देश पर समिति की टीम मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अज्ञात युवक का पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। समिति के इस मानवीय कार्य के लिए कुम्हारी थाना प्रभारी पारस सिंह ठाकुर ने समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान भले ही सामने न आए, लेकिन उसे अंतिम विदाई सम्मान के साथ मिलना समाज की जिम्मेदारी है।

बुजुर्ग से झपटमारी ऑटो चालक व उसके साथी पर अपराध दर्ज

भिलाई। खालसा स्कूल के पास दुर्ग में एक बुजुर्ग से ऑटो लाचक व उसके साथी द्वारा झपटमारी का सामने आया है। पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय रामधुप विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर दोपहर करीब 12 बजे मालवीय नगर चौक से आटो क्रमांक सीजी 07 बीजे 8779 पर मरोदा जाने के लिये बैठे थे। वाहन चालक ने उन्हें अपने बगल में बैठने बोला। इस दौरान वाहन चालक अपने साथी के साथ एक राय प्रार्थी के जेब में रखे हुए करीब 3000 रुपए झपटमारी कर निकाल लिया। रुपए वापस मांगने पर ऑटो चालक और उसका साथी धक्का मुक्की करने लगा। प्रार्थी ने अपने पुत्र मंजीत विश्वकर्मा को फोन कर इसकी सूचना दी। पुत्र के मौके पर पहुंचा तो ऑटो चालक और उसका साथी अपनी वाहन को छोड़कर भाग गया।

218 करोड़ के कामों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन, उमरपोटी में सबस्टेशन को भी मंजूरी

अंजोरा से रसमड़ा तक 30 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क, रिसाली क्षेत्र में सफाई के लिए बढ़ेंगे संसाधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित सेवा सेतु के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। करीब 218 करोड़ रुपए के कामों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। साथ ही अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री और सहायता राशि का वितरण करेंगे। इस दौरान महतारी वंदन योजना की 32वीं किस्त की राशि भी जारी की गई। इस दौरान मीडिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता का विश्वास खो चुकी है। कभी उनका एकछत्र राज था, लेकिन कथनी और करनी के कारण आज पार्टी लगातार सिमट रही है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां भी पार्टी चुनाव हार रही है और हार का ठीकरा कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग पर फोड़ा जाता है।

मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि जब इनके सांसद चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम अच्छी हो जाती है। एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष देश की जनता का विश्वास खो चुके हैं। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु-जनता के द्वार डिजिटल सरकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में अधोसंरचना, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे मूलभूत क्षेत्रों का ढांचा अत्यधिक सुदृढ़ होगा।

मुख्यमंत्री ने 3.89 लाख महिलाओं के खातों में 37.19 करोड़ किया ट्रांसफर



इस अवसर पर रिसाली को मिशन क्लीन सिटी, उमरपोटी में 33/11 केवी के सब स्टेशन तथा उतई व धनोरा में नए बिजली वितरण केन्द्र खोले जाने की भी घोषणा की। जानकारी दी गई कि प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 20,700 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। महतारी वंदन योजना विगत 1 मार्च 2024 से प्रभावी है। योजना की शुरुआत से लेकर सितम्बर 2026 तक विगत 31 महीनों में प्रदेश की महिलाओं को कुल 20,075.76 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। आज जारी 32वीं किश्त के साथ ही योजना के सफलता के 32 माह पूर्ण हो चुके हैं।

दुर्ग जिले की 3.89 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 37.19 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय कार्य पूरा डिजिटल कर दिया गया है। आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के लिए नागरिक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 38 विभागों की 907 सेवाएं 16,619 सेवा सेतु केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, ईश्वर साहू, महापौर अलका बाघमार, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेंद्र साहू, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड अध्यक्ष श्री राकेश पांडे, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से हर तरह की शिकायतों के निराकरण की सुविधा

नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 संचालित है। नागरिक अपनी समस्या दर्ज कराकर उसके निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर रहे हैं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ और आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध करा रहे हैं। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण और विकास को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचा रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खातों में लगातार 32 महीनों से सहायता राशि अंतरित की जा रही है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनसेवा का सफर गुजरात से शुरू हुआ। गुजरात में इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक और औद्योगिक विकास को गति मिली। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत की है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने स्वदेशी तकनीक और वैक्सीन के माध्यम से प्रभावी प्रयास किए।





दुर्ग आईटीआई का होगा उन्नयन, 1.22 करोड़ के कामों का लोकार्पण

इस अवसर पर 218.48 करोड़ के कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। इसमें 1.22 करोड़ के कामों का लोकार्पण किया गया। 217.25 करो के कामों भूमिपूजन किया गया। इसके तहत लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति दी गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा सिडबी क्लस्टर डेव्हलपमेंट फंड से पोषित आईटीआई दुर्ग के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया गया। अंजोरा रसमड़ा पहुंच राज्य मार्ग क्रमांक 22 के लगभग 5 किमी 4 लेन निर्माण कार्य हेतु 30.20 करोड़ रुपये के कार्य का भूमिपूजन किया गया। अहिवारा विधानसभा में कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया राज्य मार्ग-21 के किलोमीटर 1 से 27/6 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 24.06 करोड़ रुपये तथा जेवरा सिरसा से भटगांव मार्ग के 3.60 किलोमीटर निर्माण कार्य हेतु 4.28 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। भिलाई-सिरसा औंधी-औरी-मोतीपुर मार्ग के 15.50 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 15.03 करोड़ रुपये, भिलाई से तर्रा मुख्य जिला मार्ग के 15 किलोमीटर मजबूतीकरण हेतु 8.33 करोड़ रुपये तथा पौहा से खपरी मार्ग के 2.20 किलोमीटर निर्माण हेतु 3.97 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

धान की खरीदी में संयुक्त खातेदारों का एग्रीस्टैक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त, अब केवल लंबरदार का ही होगा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब राज्य के किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने से पहले केंद्र सरकार के एग्री-स्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। नई व्यवस्था के तहत किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे धान खरीदी की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जा सके। इसमें संयुक्तखातेदारों के लिए राहत दी गई है। संयुक्तखातेदारों को भी एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता थी जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। जिन किसानों का संयुक्त में खाते हैं उनका लंबरदार का ही एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन की जरूरत पड़ेगी।

एकीकृत किसान पोर्टल पर इस बार अलग पंजीयन नहीं

पिछले वर्षों में किसानों को राज्य के एकीकृत किसान पोर्टल पर अलग से पंजीयन कराना पड़ता था, लेकिन इस बार इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है। अब एग्री-स्टैक पंजीयन को ही धान खरीदी की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों, खाद्य विभाग के अधिकारियों और अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

31 अक्टूबर तक कराना होगा एग्री-स्टैक पंजीयन

सरकार ने किसानों को एग्री-स्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक का समय दिया है। यह पंजीयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। इसका उद्देश्य राज्य के किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना और उनकी कृषि भूमि से जुड़ी जानकारी को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ना है। जिन किसानों को इस खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचना है, उनके लिए समय सीमा के भीतर पंजीयन कराना जरूरी होगा। किसानों को सलाह है कि अंतिम तारीख का इंतजार न करें और समय रहते अपना पंजीयन पूरा करावा लें।

सोसाइटी में भी मिलेगी पंजीयन की सुविधा

नई व्यवस्था में किसानों को राहत देते हुए सहकारी समितियों यानी सोसाइटी के माध्यम से भी एग्री-स्टैक पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक समिति के ऑपरेटर को लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिया गया है। इससे किसान अपनी समिति में जाकर पंजीयन से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर सकेंगे। इस व्यवस्था से उन किसानों को सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें ऑनलाइन पंजीयन करने में परेशानी होती है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे में दर्ज रकबा ही होगा मान्य : सरकार ने इस बार धान खरीदी के लिए रकबे को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी है। धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्री-स्टैक पोर्टल पर दर्ज डिजिटल क्रॉप सर्वे में दर्ज रकबा ही मान्य किया गया है।

दुर्ग ग्रामीण को 14.39 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जल, बिजली और पेयजल से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों की घोषणा की गई है। विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्षेत्र के लिए कुल 14.39 करोड़ रुपए के तीन जलाशय संबंधी कार्यों की स्वीकृति दी है।



■ तीन जलाशयों के जीर्णोद्धार को मिली मंजूरी

दुर्ग प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र में जलाशयों के जीर्णोद्धार की मांग रखी गई थी। इसके बाद तिरगा जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए 4.71 करोड़, गनियारी जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए 4.71 करोड़ तथा रिसाली-उमरपोटी जलाशय के जीर्णोद्धार व नहर लाइनिंग के लिए 4.97 करोड़ की स्वीकृति दी गई। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बढ़ने, जल स्तर में सुधार और किसानों के खेतों तक पानी की बेहतर उपलब्धता का दावा किया गया है। रिसाली, उमरपोटी, तिरगा, गनियारी सहित आसपास के गांवों को इसका लाभ मिलने की बात कही गई है।

क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ग्राम उमरपोटी में 33/11 केवी का नया विद्युत सब-स्टेशन प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा उतई वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम धनोरा में नया वितरण केंद्र खोलने की घोषणा की गई है। रिसाली नगर निगम क्षेत्र के लिए वृहद पेयजल योजना के तहत रिसाली निगम के 40 वार्डों की पेयजल आपूर्ति के लिए भिलाई नगर निगम पर निर्भरता खत्म करने की योजना बताई गई है। रिसाली में अपना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनने से आने वाले वर्षों में पेयजल समस्या से राहत मिलने का दावा किया गया है। इसके साथ ही रिसाली में मिशन क्लीन सिटी योजना लागू करने की बात कही गई है।

सांसद विजय की पहल से सतनामी समाज को 15 लाख की सौगात

भिलाई। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सामाजिक अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सतनामी समाज को बड़ी सौगात मिली है। सांसद विजय बघेल की पहल से परिक्षेत्र सतनामी समाज उत्तर पाटन मोतीपुर के सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

राशि स्वीकृत होने पर परिक्षेत्र सतनामी समाज मोतीपुर के अध्यक्ष दिलीप टंडन के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर आभार जताया। प्रतिनिधियों ने कहा कि सामाजिक भवन की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। राशि की स्वीकृति से भवन निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। मोतीपुर में बनने वाला सामाजिक



भवन परिक्षेत्र के करीब 31 गांवों के लिए साझा सामाजिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां समाज की बैठकें, सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। समाज के प्रतिनिधियों के मुताबिक, भवन बनने से अलग-अलग गांवों के बीच संवाद और समन्वय को भी बढ़ावा मिलेगा। सामाजिक आयोजनों के लिए लोगों को बेहतर और सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनहित एवं सामाजिक आवश्यकताओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास जारी है। इस अवसर पर दिलीप टंडन, राजेश बघेल, उत्तरा सोनवानी, संजय सोनवानी, राजेंद्र देशलहरे, राजकुमार बघेल, पन्ना लाल बंजारे, रामसेवक खूंटेल, अजेंद्र चेलक, चेतन माण्डले, गोविंद जांगड़े, कुलेश्वर गायकवाड़, प्रकाश देशलहरे, नरेंद्र गायकवाड़ और रामकुमार बांधे सहित समाज के अनेक प्रतिनिधि मौजूद थे।

मृत्युदंड की सजा दिलाने वाली लोक अभियोजक सम्मानित

दुर्ग। गंभीर पॉक्सो और हत्या-बलात्कार के मामले में आरोपी को मृत्युदंड की सजा दिलाने में प्रभावी अभियोजन पैरवी के लिए विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार को दुर्ग पुलिस ने सम्मानित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की।



यह मामला थाना मोहननगर के अपराध और विशेष प्रकरण से संबंधित है। मामले में विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने अभियोजन की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष 29 गवाहों के साक्ष्य प्रस्तुत कराए। इसके साथ ही 114 महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं प्रदर्श भी न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ पॉक्सो कोर्ट, दुर्ग ने 10 सितंबर को आरोपी सोमेश यादव को विभिन्न धाराओं के तहत दंडित किया। न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मृत्युदंड और 5,000 रुपए अर्थदंड, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मृत्युदंड और 5,000 रुपए अर्थदंड तथा धारा 238(क) बीएनएस के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 1,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। दुर्ग पुलिस के अनुसार, मामले की विवेचना में उप निरीक्षक पारस सिंह ठाकुर और निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रकरण में प्रभावी अभियोजन पैरवी और न्यायिक प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


पर्यटकों व जानकारों ने कहा- मनोरंजन व जू एजूकेशन के साथ बढ़ेगा राजस्व

फीकी हो रही मैत्रीबाग की चमक, जू कम एसेलवर्ल्ड की तरह विकसित करने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारत सोवियत रुस की मैत्री का प्रतीक अंचल का प्रसिद्ध चिड़ियाघर मैत्रीबाग अब कायाकल्प मांग रहा है। वर्षों तक भिलाई ही नहीं बल्कि प्रदेश की शान माने जाने वाले इस इकलौते जू की चमक अब फीकी पड़ती जा रही है। बीएसपी कर्मियों सहित आम लोगों के मनोरंजन और वन्य प्राणियो के संरक्षण व संवर्धन में अहम योगदान देने वाले मैत्रीबाग को अब रिनोवेट कर मिनी एसेलवर्ल्ड की तरह विकसित किए जाने दरकार है। पर्यटकों के मुताबिक इस बड़ी प्राकृतिक धरोहर को समृद्ध करने लिए बीएसपी सहित सेल और राज्य सरकार भी मदद की जरुरत है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा वर्ष 1974 में दिन रात परिश्रम कर नित नए





फौलादी कीर्तिमान स्थापित करने वाले संयंत्रकर्मियों,परिवारों सहित अंचल के मनोरंजन के लिए इसका निर्माण किया गया था। पिछले पचास वर्ष से वन्य प्राणियों के संरक्षण व संवर्धन तथा बच्चों को जू एजूकेशन देने में इस जू का महती योगदान है। पर्यटकों व यूनियनों के मुताबिक वाइट टाइगर की नर्सरी के रुप में प्रसिद्ध होने के साथ 27 साल से यहां भव्य फ्लावर शो भी चर्चित है। लेकिन सरकार और सेल की बदली हुई नीति और माहौल के चलते यह प्रसिद्ध चिड़ियाघर अब सिमटने की कगार पर है। वन्य प्राणियों की सिमटने से मैत्रीबाग की पहचान अब एक जू के बजाए उद्यान के रुप में अधिक हो रही है।

एक डेढ़ दशक पूर्व तक यहां करीब सौ प्रजातियों के 5 सौ से अधिक जानवर और पक्षी व अन्य जलचर आदि प्राणी थे, लेकिन धीरे वन्य प्राणियों की मौत व नए जानवर नहीं लाए जाने से अधिकतर कैज खाली हैं। अधिकांश में तोते, लवबर्ड्स व लोकल परिंदों को रखा गया है। रायल बंगाल टाईगर, हिमालयीन भालू व जेब्रा आदि कई आकर्षक जानवरों का एनक्लोजर खाली पड़ा है। वहीं एकमात्र लायन, तेंदुआ सहित कई जानवर व परिंदे बूढ़े हो चुके हैं।

यूनियनों के मुताबिक पहले मैत्रीबाग को सी ग्रेड में डाला गया फिर इसके निजीकरण का प्रयास किया गया जिसे विधायक देवेंद्र यादव के आंदोलन के बाद रोका गया। वर्तमान में करीब ढाई सौ वन्य प्राणी ही हैं। जवाहर उद्यान तक इसके विस्तार की योजना भी सालों से ठंड बस्ते में हैं। पर्यटकों ने बताया कि बीएसपी व सेल को अब मैत्रीबाग को बचाने के लिए मुंबई के एसलवर्ल्ड की तरह विकसित किया जाना चाहिए।

मेगा ड्रीम प्रोजेक्ट से होगा चौतरफा लाभ

जानकारों के मुताबिक मैत्रीबाग जैसी भिलाई की प्राकृतिक विरासत को एसेल वर्ल्ड कम वंतारा की तरह रिनोवेट करने चौतरफा प्रयास की जरुरत है। इसके लिए मैत्रीबाग को जवाहर उद्यान से बोरिया गेट साइट तक विस्तार कर चिड़ियाघर व एसेलवर्ल्ड यानी झूलाघर के रुप में विकसित किया जा सकता है। जू में वाइल्ड लाइफ व सेंट्रल जू अथारिटी की मदद से यहां अधिकाधिक आकर्षक व विलुप्तप्राय देशी विदेशी वन्य प्राणियों लाया जा सकता है। वहीं आकर्षक इलेक्ट्रानिक स्वदेशी व इम्पोर्टेट झूलों व ट्राय ट्रेन बोटिंग आदि मनोरंजक आर्टिकल के साथ उद्यानों चमक को अधिक बढ़ाया जा सकता है। वहीं अलग स्पेस में फास्टफूड स्टांल व शापिंग कार्नर खोलकर रेवेन्यू बढ़ाया जा सकता है। इससे मनोरंजन के साथ वन्य प्राणियों का संरक्षण व सर्कस बंद होने के बाद बच्चों के मनोरंजन व जू एजूकेनशन में मदद भी मिलेगी।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



रक्तदान में 75 यूनिट रक्त संग्रह...

लाइव इवेंट

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, हजारों विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी एवं नगर सेवा विभाग की ओर से वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में बीएसपी के साथ गैर-बीएसपी स्कूलों के बच्चे भी उत्साह से भाग ले रहे हैं। चित्रकला से लेकर भाषण प्रतियोगिता तक बच्चों ने वन्य प्राणियों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सोच और जागरूकता को रचनात्मक तरीके से सामने रखा। सप्ताह के तहत मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 700 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी चित्रकारी के माध्यम से वन्य प्राणियों के संरक्षण, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसी क्रम में 7 और 8 अक्टूबर को सेक्टर-7 सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन्य प्राणी संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण में बच्चों का योगदान' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बीएसपी और गैर-बीएसपी स्कूलों के करीब 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने वन्य प्राणियों की घटती संख्या, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ी की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के निर्णायक अपर्णा बेनर्जी और मीता राय रहीं। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में करीब 300 बच्चों को मैत्री बाग चिड़ियाघर का निशुल्क भ्रमण कराया गया। इस दौरान डॉ. नवीन कुमार जैन ने स्कूली बच्चों को वन्य प्राणियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे आयोजित होने वाले वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में मुख्य वन संरक्षक, वाइल्ड लाइफ, रायपुर तथा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



लाइव इवेंट

विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को हिंदी के प्रति किया गया प्रेरित



भिलाई। शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर-11, खुर्सीपार में हिंदी पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों को हिंदी भाषा से जोड़ने के लिए कक्षा स्तर पर विभिन्न रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनके पठन, लेखन, समझ और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना रहा। पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों ने धाराप्रवाह पठन, सुलेख, कहानी का सारांश लेखन, चित्र पर चर्चा, कविता पठन, भाषण, अभिनय और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। धाराप्रवाह पठन से बच्चों को शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़ने का अभ्यास कराया गया, वहीं सुलेख के माध्यम से सुंदर और शुद्ध लेखन पर जोर दिया गया। कहानी का सारांश लिखने से समझ और लेखन कौशल तथा चित्र पर चर्चा से कल्पनाशक्ति और मौखिक अभिव्यक्ति को बढ़ावा मिला। कविता पठन, भाषण और अभिनय ने बच्चों के आत्मविश्वास एवं मंचीय अभिव्यक्ति को निखारा। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से हिंदी भाषा संबंधी ज्ञान को रोचक तरीके से परखा गया।

31 बच्चों ने लिया 100% धाराप्रवाह पठन का संकल्प

विद्यालय के नवाचारी शिक्षक कामता साहू ने बताया कि बुनियादी साक्षरता से जुड़ी चुनौती को देखते हुए कक्षा चौथी में 100% धाराप्रवाह पठन की दिशा में विशेष पहल की गई। कक्षा के 31 बच्चों ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया। नियमित अभ्यास और गतिविधि आधारित सीखने के परिणामस्वरूप 25 बच्चों ने पुस्तक पढ़ना सीख लिया है। इस पहल को आगे विद्यालय की सभी कक्षाओं तक ले जाकर 100% धाराप्रवाह पठन का लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। कामता साहू ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत अभियान में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को पढ़ने की आदत और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए गतिविधि आधारित प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर कक्षा शिक्षक कामता साहू ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संकुल समन्वयक रुपेश जोशी और प्रधान पाठक ग्लोरिया बड़ा ने पहल की सराहना करते हुए बच्चों को बधाई दी। विद्यालय का यह प्रयास हिंदी सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाने के साथ बच्चों में पठन और अभिव्यक्ति की मजबूत नींव तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।

● गरबा फ्लोर पर छाने की तैयारी, 7 ताली से घोड़ा रास तक सीख रहे युवा

ट्विनसिटी में गरबा क्लासेस का बढ़ा क्रेज, गर्ल्स-ब्वॉयज के साथ महिलाओं की भी बढ़ी भागीदारी, डांस स्टेप्स के साथ रील्स और लुक्स की भी तैयारी

नवरात्रि की आहट के साथ ट्विन सिटी में गरबा का रंग चढ़ने लगा है। रास-गरबा नाइट्स में अपने डांस से धूम मचाने के लिए युवाओं से लेकर महिलाओं तक में गरबा डांस क्लासेस का क्रेज बढ़ गया है। शहर की डांस एकेडमियों और गरबा वर्कशॉप में इन दिनों प्रतिभागी 1 ताली से लेकर 7 ताली, घोड़ा रास, पोपट, डाकला, चौंकड़ी-छकड़ी जैसे पारंपरिक गरबा स्टेप्स सीखने के साथ अपने एक्सप्रेशन और डांस मूवमेंट को भी परफेक्ट कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार गरबा सीखने के साथ रील्स और फोटो-वीडियो शूट का ट्रेंड भी युवाओं को आकर्षित कर रहा है।



भिलाई। हुडको स्थित सांई एरोबिक्स क्लासेस में डांस प्रशिक्षक संतोष काले ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गरबा क्लासेस शुरू हुई हैं। प्रतिभागियों को 3-4 ताली से लेकर 7 ताली, घोड़ा रास और पोपट जैसे लोकप्रिय पारंपरिक गरबा स्टेप्स का बेसिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 7 ताली के सात अलग-अलग वेरिएशन भी सिखाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक गुजराती गरबा में 1 ताली, 2 ताली और 3 ताली बेसिक स्टेप्स माने जाते हैं, लेकिन 7 ताली की खास लय और उसके अलग-अलग वेरिएशन गरबा फ्लोर पर खास आकर्षण पैदा करते हैं। गरबा और डांडिया रास में बेहतर प्रस्तुति के लिए जरूरी स्टेप्स के साथ एक्सप्रेशन और अन्य जरूरी टिप्स भी दिए जा रहे हैं।

दो वर्कशॉप के बाद भी बना हुआ है क्रेज

स्मृतिनगर डांस एकेडमी के नवीन और अर्चना ने बताया कि गरबा के दो वर्कशॉप पूरे हो चुके हैं और अगला गरबा वर्कशॉप भी शुरू हो गया है। लोगों में गरबा सीखने को लेकर काफी उत्साह है। खासकर गर्ल्स और युवाओं की भागीदारी अधिक दिखाई दे रही है। कई प्रतिभागी गरबा नाइट्स में बेहतर प्रस्तुति देने के लिए पहले से ही बेसिक स्टेप्स की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

गरबा क्लास में फ्री रील फोटो-वीडियो शूट भी

सर्व शक्ति सेवा समिति की ओर से आयोजित दिलबर डांडिया के गरबा क्लासेस में भी युवाओं की अच्छी भागीदारी है। सिविक सेंटर के डांस प्रशिक्षक रितेश ने बताया कि 21 सितंबर से गरबा डांस क्लासेस शुरू हुई हैं। गर्ल्स गरबा स्टेप्स सीखने के लिए काफी उत्साहित हैं। एक सप्ताह के पैकेज में प्रतिभागियों को 1 ताली से लेकर 7 ताली, डाकला, बेसिक गरबा स्टेप्स और एक्सप्रेशन सिखाए जा रहे हैं। इसके साथ प्रतिभागियों के लिए डांस की फ्री रील्स, फोटो और वीडियो शूट भी कराया जा रहा है। रितेश के अनुसार आजकल बेसिक गरबा स्टेप्स सीखने के साथ रील्स और फोटो-वीडियो शूट का भी युवाओं में खासा ट्रेंड है।

500 से 2000 रुपए तक फीस

ट्विनसिटी के अलग-अलग गरबा क्लासेस में 7 से 15 दिन के विशेष प्रशिक्षण पैकेज चल रहे हैं। 7 दिन की क्लास के लिए करीब 500 रुपए, जबकि 15 दिन के प्रशिक्षण के लिए 1000 से 2000 रुपए तक फीस ली जा रही है। इन क्लासेस के जरिए प्रतिभागी गरबा नाइट्स के लिए अपने डांस स्टेप्स और एक्सप्रेशन को बेहतर करने में जुटे हैं।

गरबा एक्सेसरीज से सजा बाजार

गरबा नाइट्स को लेकर डांस क्लासेस के साथ बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। पुरानी बस्ती स्थित फैंसी ड्रेस हाउस और सेक्टर-7 के गरबा फैंसी ड्रेस हाउस में गरबा ड्रेसेस, ट्रेडिशनल ज्वेलरी और डांडिया स्टिक्स की नई रेंज सज गई है। सेक्टर-7 स्थित गरबा फैंसी ड्रेस हाउस की संचालिका प्रभा गुप्ता ने बताया कि गर्ल्स के लिए डिजिटल प्रिंट और केड़िया आउटफिट, चनिया-चोली और कुर्ते के साथ हैवी ऑक्सीडाइज्ड नेकलेस, चोकर और झुमकों की मांग है। राजस्थानी और गुजराती स्टाइल के बाजूबंद और हैवी डिजाइन वाले मांग टीके भी उपलब्ध हैं। गोटा-पत्ती, शीशे और घुंघरू से सजी रंग-बिरंगी डांडिया स्टिक्स भी पसंद की जा रही हैं। वहीं पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा या केड़िया के साथ बांधनी प्रिंट का साफा और पगड़ी खास आकर्षण में है।



दूध के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की महक भी पहुंचेगी देश-विदेश तक

भिलाई। परिवर्तन एकादशी के अवसर पर यादव सांस्कृतिक भवन स्थित श्री गहिरा गुरु धाम में गोपिका दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, दुर्ग की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। गोवर्धन पर्वत धारण किए भगवान श्रीकृष्ण के पूजन के बाद समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को व्यवस्थित तरीके से पैक कर प्रदेश के साथ अन्य राज्यों और विदेशों तक पहुंचाने का प्रस्ताव पारित किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्वाद को बाजार से जोड़ने के साथ सर्व समाज की महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर देना है।

कार्यक्रम में सहकारिता पंजीयक कार्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम चंद्राकार ने दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने महिलाओं को ठेठरी, खुरमी, अरसा, बिड़िया, बेपची, गुजिया, शक्करपारा, मिचर सहित विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक पैकेट में उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने स्तर से आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और पैकिंग मशीन उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। वरिष्ठ समाजसेवी ललित अग्रवाल ने गोवर्धन पूजा को सहकारिता की भावना से जोड़ते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन धारण कर ग्रामवासियों का संरक्षण



किया और ग्वालों ने अपनी-अपनी लाठियों से सहयोग दिया, उसी तरह मिल-जुलकर किया गया प्रयास समाज और आम लोगों के लिए बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने शुद्ध दूध उचित दाम पर उपलब्ध कराने के लिए समिति की महिला सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। समिति की अध्यक्ष करुणा यादव, उपाध्यक्ष गोदावरी ठाकुर, सचिव सुभद्रा साहू, कोषाध्यक्ष रामेश्वरी दिल्लीवार, सह सचिव मिनाक्षी कोसें, सुनीता सेन, जूही ताम्रकार, राजकुमारी सोनी, शकुंतला चौबे, ममता दिल्लीवार, मंजू ठाकुर, उषा निर्मलकर, दुर्गा बाई निर्मलकर, राधिका राजपूत, पुष्पा पटेल और योगीता दिल्लीवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

79वें निरंकारी वार्षिक संत समागम के लिए भिलाई-दुर्ग से सैकड़ों श्रद्धालु 20 से होंगे रवाना

भिलाई। संत निरंकारी मिशन का 79वां वार्षिक संत समागम 23 से 26 अक्टूबर तक समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित होगा। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में होने वाले इस समागम में प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानव एकता का संदेश दिया जाएगा। समागम को लेकर भिलाई-दुर्ग के श्रद्धालुओं में भी उत्साह है। यहां से सेवादल के सदस्य, महिलाएं, पुरुष और अन्य श्रद्धालुओं का दल 20 अक्टूबर से अलग-अलग साधनों से दिल्ली के लिए रवाना होगा। समागम की तैयारियां सेवा और समर्पण की भावना के साथ चल रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे सेवादार निर्माण कार्य, शामियाना व्यवस्था, स्वच्छता, जल व्यवस्था और भोजन सेवा सहित विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं।



श्री हनुमान मंदिर सेक्टर-2 भिलाई में आई.पी. मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा

ईश्वर और जीव के मिलन का नाम ही रास है,श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं को सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

कार्नर न्यूज

भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-02, भिलाई में शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई के कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए रास पंचाध्यायी एवं श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया।

महाराज ने कहा कि ईश्वर और जीव के मिलन का नाम ही रास है। ऐसा कोई जीवात्मा नहीं है, जिसमें भगवान का वास न हो। प्रत्येक जीव में परमात्मा का अंश विद्यमान है। मनुष्य को चाहिए कि वह स्वयं को भगवान के चरणों में समर्पित कर दे। जब जीव पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान की शरण में चला जाता है, तब उसकी चिंता भगवान स्वयं करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के किसी भी चरित्र में संशय नहीं करना चाहिए। प्रभु की प्रत्येक लीला के पीछे गहरा आध्यात्मिक रहस्य छिपा हुआ है। रास लीला को लौकिक दृष्टि से नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के बीच प्रेम, भक्ति और पूर्ण समर्पण के दिव्य भाव के रूप में समझना



माता रुक्मिणी के विवाहोत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं और रास के आध्यात्मिक रहस्य का वर्णन सुनकर पूरा कथा परिसर भक्ति से सराबोर हो उठा। कथा पंडाल में गूंजते जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के पश्चात आयोजक मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं महाप्रसाद की व्यवस्था की गई।

चाहिए। महाराज ने कहा कि मनुष्य जब अपने अहंकार को त्यागकर भगवान के चरणों में स्वयं को समर्पित करता है, तब उसके जीवन में परमात्मा के प्रति प्रेम और भक्ति का भाव जागृत होता है। यही समर्पण जीव को भगवान के निकट ले जाने वाला मार्ग है।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग भी भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के रुक्मिणी हरण एवं विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। विवाह प्रसंग के दौरान कथा पंडाल में मंगलगीत, जयघोष और भक्ति का वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं



सिटी इवेंट

पोषणः मातृ-शिशु स्वास्थ्य और योजनाओं की दी गई जानकारी



भिलाई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र मशानघाट, शास्त्री नगर-1 और शास्त्री नगर-2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पोषण जागरूकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में भिलाई महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, वार्ड पार्षद लक्ष्मी साहू, पूर्व पार्षद निर्मला नायडू, परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा और पर्यवेक्षक किरण देवांगन उपस्थित रहीं। अतिथियों ने स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को घर-घर पहुंचाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों की भूमिका की सराहना की। उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यकर्ता तब्बसुम, रंजना बड़गे, रूखमणी कश्यप तथा सहायिका प्रतिभा, कबूतरी देवी और दुर्गा कुटारे को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग के लिए मितानिन निर्मला देवांगन, खिलेश्वरी और अनीता का भी सम्मान हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थी संगीता पटेल, प्रियंका, खुश्बू भगत, आरती साव, ज्ञानमती और निशा खोब्रागडे को योजना के लाभ, पोषण आहार और बच्चों के नियमित टीकाकरण की जानकारी दी गई। अतिथियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र स्वस्थ और सुपोषित समाज की मजबूत नींव हैं।

- आंगन मिलन सेवा में कार्यकर्ताओं और मितानिनों का सम्मान

लाइव इवेंट

महाभारत की कुरुक्षेत्र की झांकी होगा आकर्षण का केन्द्र, जुटेंगे श्रद्धालु



भिलाई। यूथ व्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति सेक्टर -4 ए मार्केट भिलाई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समिति का गठन किया गया। फाउंडर मेंबर्स रिंकू साहू, विनोद चौधरी, आलोक मिश्रा, आशीष पांडे, भुवन साहू, किशन चौहान, अध्यक्ष निशिकांत मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल सिंह, युवा अध्यक्ष देवांश साहू, व्यंकट, नव युवक अध्यक्ष आदर्श शर्मा, अथर्व सिंह, कुणाल, महासचिव-रवि साहू, सुयश परिहार, राजू, उपाध्यक्ष आकाश वर्मा, वेणु आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस वर्ष महाभारत की कुरुक्षेत्र झांकी बनायी जा रही है। साथ ही माता का आगमन 9 अक्टूबर व स्थापना 11 अक्टूबर, चुनरी यात्रा 13 अक्टूबर को निकाली जाएगी। पार्किंग व माता रानी दर्शन निःशुल्क है।

- यूथ व्यापारी संघ सेक्टर-4 द्वारा मनाई जाएगी दुर्गा पूजा

समाज इवेंट

समाजसेवा और संस्कारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



भिलाई। नमो सेवा संकल्प के अंतर्गत विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक जागरुकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सेवा, जागरूकता तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरीशंकर मंडल अध्यक्ष चरोदा, महामंत्री पूर्णिमा ठाकुर मौजूद थे। ए. गौरीशंकर ने विद्यार्थियों को माता-पिता एवं गुरुजनों का सदैव सम्मान करने और संस्कारों को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि किसी विद्यालय से कितने विद्यार्थी आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी बने, यह महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वहां से निकलने वाले विद्यार्थी कितने अच्छे इंसान बने। उन्होंने अपने माता-पिता और गुरुजनों का कितना सम्मान किया, समाज के प्रति कितनी जिम्मेदारी निभाई और देश के प्रति कितना समर्पण दिखाया, वास्तविक सफलता का मूल्यांकन इससे होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ज्योति स्कूल चरोदा की सीबीएसई प्राचार्या सिस्टर जीनी मैरी एवं सीजीबीएसई प्राचार्या अंजना मैरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर राजेश मौर्य, तरुण परगनिया, प्रमिला टांडी, वेद प्रकाश पाण्डेय, अंकिता बेनर्जी, पूनम श्रीवास्तव, रेखा साहू एवं लेखराम यादव आदि उपस्थित रहे।

बच्चों ने साझा की अपनी पुरानी पुस्तकें

दुर्ग/अंडा। श्री हरि पब्लिक स्कूल खप्परवाडा ओटेबंद में विद्यार्थियों ने सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसमें बालवाटिका के विद्यार्थियों ने अपनी उपयोगी पुरानी पुस्तकें एवं वस्त्र एकत्र किए और उन्हें स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ साझा किया। यह गतिविधि बच्चों के लिए केवल वस्तुएं देने का माध्यम नहीं थी, बल्कि साझा करने की खुशी, दूसरों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और सामुदायिक जुड़ाव को अनुभव करने का अवसर थी। प्रधानाचार्या संयोगिता सक्सेना ने कहा, हमारे बच्चे केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार मनुष्य भी बनें।

अग्रवाल समाज भिलाई में जयंती महोत्सव की धूम

रक्तदान में 75 यूनिट रक्त संग्रह, क्रिकेट से लेकर शार्क टैंक में लिया हिस्सा और रेट्रो थीम में दिखाया पुराना दौर

भिलाई-दुर्ग। अग्रवाल समाज भिलाई के अग्रसेन जयंती महोत्सव में सेवा, खेल, रचनात्मकता और मनोरंजन का रंग देखने को मिल रहा है। अलग-अलग आयु वर्ग के समाजजनों के लिए आयोजित गतिविधियों में युवाओं से लेकर महिलाओं और बच्चों तक ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कहीं रक्तदान के जरिए मानव सेवा का संदेश दिया गया, तो कहीं क्रिकेट मैदान पर खिलाड़ियों ने खेल भावना दिखाई। वहीं शार्क टैंक में बच्चों और युवतियों ने नए व्यवसायिक विचारों के साथ अपनी प्रस्तुति और आत्मविश्वास का परिचय दिया। रेट्रो थीम, पर्यावरण आधारित गतिविधियों और पारिवारिक प्रतियोगिताओं ने महोत्सव को और रोचक बना दिया।





शार्क टैंक में बच्चों ने प्रस्तुत किए नए बिजनेस आइडिया

अग्रसेन भवन दुर्ग में आयोजित शार्क टैंक प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। महिला मंडल अध्यक्ष नीलू अग्रवाल एवं अमूल बंसल ने बताया कि यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की गई। इसमें बच्चों और युवतियों ने नए-नए बिजनेस आइडिया निर्णायकों के सामने प्रस्तुत किए। अपने आइडिया को प्रस्तुत करते समय प्रतिभागियों का आत्मविश्वास खास तौर पर देखने लायक रहा। प्रतियोगिता में विशेष रूप से उपस्थित रुंगटा कॉलेज के चेयरमैन संजय रुंगटा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के दौरान रेट्रो थीम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पुराने दौर की यादों को अपने परिधान और अंदाज के जरिए जीवंत किया। वहीं कचरे से कटोरा जैसी रचनात्मक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की कल्पनाशीलता के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी सामने आई। एक परिवार एक रफ्तार प्रतियोगिता में परिवार के सदस्यों के बीच सहयोग, सामंजस्य और सहभागिता को मनोरंजक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा सरप्राइज गेम, म्यूजिकल जेंगा, किस्मत कनेक्शन, कार्डबोर्ड कार रेस और ब्रिक रेस जैसी प्रतियोगिताओं ने भी प्रतिभागियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं महासचिव प्रहलाद रुंगटा ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं को लेकर समाज में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में विजय अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, संजय गर्ग, राज गढ़िया, निधि बंसल, नेहा अग्रवाल, राधा अग्रवाल, अंजू खेतान, सुमन मोदी, आरती अग्रवाल, मंजू रुंगटा, वंदना गुप्ता, अनीता अग्रवाल, मुक्त गर्ग, ममता अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, यूथ क्लब अध्यक्ष गौरव अंजलि अग्रवाल सहित युवा मंडल और महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।



रक्तदान में 75 यूनिट रक्तदान, क्रिकेट में 8 टीमों ने दिखाया दम

अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रवाल समाज भिलाई के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाज के युवाओं और अग्रबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 75 यूनिट रक्तदान किया। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय की टीम के सहयोग से आयोजित शिविर में सीएमओ उदय एवं उनकी पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इसी क्रम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ मैदान पर खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैचों के दौरान समाज के सदस्यों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महिलाओं के लिए भी विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। खेल और गतिविधियों के बीच प्रतिभागियों में उत्साह और आपसी सहभागिता का माहौल बना रहा। पूरे आयोजन में अग्रसेन जन कल्याण समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की सेवा, सहयोग, समानता और समाजहित की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जयंती महोत्सव के दौरान सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

बच्चों ने उठाया आनंद...

मैत्री एक्सप्रेस आकर्षक लुक में नन्हे मुसाफिरों को करवा रही मैत्रीबाग की रोमांचक सैर

भिलाई। मैत्रीबाग में बच्चों की छुक छुक गाड़ी अब अधिक आकर्षक रुप और रोमांच के साथ चिड़ियाघर की सैर करवा रही है। पहले से कहीं आधिक खूबसूरत और आरामदेह यह बहुरंगी ट्राय ट्रेन लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्टेशन में मैत्री एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर जाने को तैयार खड़ी है के अनाउंस होते हुए नन्हे मुसाफिरों के साथ पैरेंट्स भी खुशी से फूले नही समा रहे हैं।



सैलानियों को अब ठंडी में नौकायन के शुरु होने का बेताबी से इंतजार है। मैत्रीबाग मे सालों से नन्हे पर्यटकों की फेवरेट रेल तकनीकी फाल्ट के चलते बंद पड़ी थी। प्रबंधन द्वारा अब ठंडी में मैत्रीबाग में रौनक बढ़ने को देखते हुए इस छुक छुक गाड़ी को रिपेयरिंग बाद अधिक आकर्षक बनाया गया है। इसके शुरु होने से बच्चे रोमांचक सफर का लुत्फ उठा रहे हैं। मैत्री एक्सप्रेस नामक इस गाड़ी के इंजिन का स्टीम इंजिन की तरह खूबसूरत लुक तो है ही चारों बोगियों को भई बहुरंगी आकर्षक पेंट किया गया है। सीटें भी पहले से आरामदायक बनाई गई हैं। बच्चों की ट्रेन नन्हे यात्रियों को बीस मिनट में अंदर से मैत्रीबाग का एक राउंड लगाकर रोमांचक सफर करवा रही है। बच्चों ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद मैत्रीबाग में इस गाड़ी मे सैर करते हुए बहुत एंजाय कर रहे हैं।

स्टेशन भी नए आकर्षक लुक में

मैत्री एक्सप्रेस के सफर को यादगार बनाने के लिए प्रबंधन द्वारा इसके स्टेशन व प्लेटफार्म को भी खूबसूरत नेचुरल लुक दिया गया है। यहां रंगरोगन व किसी वास्तविक स्टेशन की तरह सूचनापरक बोर्ड लगाए गए हैं। प्लेटफार्म में यात्रियों के लिए बकायदा शेड के नीचे बेंचें व चेयर के साथ टिकट काउंटर भी अपडेट किया गया है। यहां पालक बच्चों के साथ ट्रेन के छूटने या आने का इंतजार करते बैठे रहते हैं। अनाउंसर द्वारा मैत्री एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर पर रवाना होने के लिए तैयार है जैसा रोचक अनाउस भी सचमुच के स्टेशन का एहसास बच्चों के करवाता है।

छत्तीसगढ़ी लोक रामायण ग्रंथ से आचार्य हरीश सम्मानित



भिलाई। व्याख्या प्रभाग बागबाहरा एवं मानस प्रशिक्षण समूह के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय राज्यस्तरीय मानस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी प्रशिक्षक पहुंचे। दुर्ग जिले के पाटन के ग्राम उरला से आचार्य हरीश ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए व्याख्यान प्रशिक्षण में भाग लिया। कुल 224 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आचार्य हरीश ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रीराम कथा, रामचरितमानस, भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना है। चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों को रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों, कांडों और चौपाइयों का अध्ययन कराया गया। प्रशिक्षक के रूप में आचार्य चिंताराम जी, प्रेमलाल जी, डॉ. लोकेश जी एवं रामदयाल जी ने श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्श, मर्यादा, सत्य, त्याग, सेवा और कर्तव्य जैसे मूल्यों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य आयोजक आचार्य प्रमोद ने कहा कि रामचरितमानस सिर्फ धार्मिक ग्रंथ नहीं, जीवन का मार्गदर्शक है। यह जीवन को सही दिशा देने वाला महत्वपूर्ण ज्ञान-स्रोत है। भगवान श्रीराम के जीवन से सत्य, अनुशासन, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आचार्य रामदयाल ने मानस गायन, कथा वाचन तथा रामचरितमानस के अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। आचार्य प्रेमलाल ने कहा कि रामचरितमानस में वर्णित आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। समापन अवसर पर आचार्य हरीश को छत्तीसगढ़ी लोक रामायण ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया। आचार्य हरीश ने सभी प्रमुख आयोजक सदस्यों व आचार्यजनों का आभार माना।

वैवाहिक वर्षगांठ को बनाया सेवा और अपनत्व का अवसर

खुशी ऐसी संपत्ति जिसे बांटने से वह कम नहीं होती, बल्कि बढ़ती है, बुजुर्गों की सेवा कर चेहरों पर लाई मुस्कान

कार्नर न्यूज

भिलाई। जीवन में कुछ अवसर ऐसे होते हैं, जिन्हें परिवार अपने तक सीमित रखकर भी मना सकता है, लेकिन जब वही खुशी किसी और के चेहरे पर मुस्कान बनकर पहुंचे तो उसका अर्थ और बढ़ जाता है। अनीता मेहता और रवींद्र नाथ मेहता की वैवाहिक जीवन की 50वीं वर्षगांठ को उनकी बेटी साक्षी सोनी ने इसी सोच के साथ खास बनाया। माता-पिता की स्वर्णिम वर्षगांठ पर उन्होंने उत्सव को केवल परिवार तक सीमित रखने के बजाय बुजुर्गों के साथ खुशियां साझा करने का निर्णय लिया। साक्षी का कहना है कि माता-पिता के साथ 50 वर्षों का सफर अपने आप में बड़ी खुशी है, लेकिन इस खुशी में किसी और की मुस्कान जोड़ना उनके लिए सबसे सुंदर उपहार रहा। इस अवसर पर परिवार ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और अल्पाहार के माध्यम से अपनी खुशी साझा की। कुछ समय का यह साथ बुजुर्गों के लिए अपनत्व का अहसास लेकर आया तो परिवार के लिए यह दिन एक यादगार अनुभव बन गया। रवींद्र नाथ मेहता ने कहा कि 50 वर्ष साथ चलने की खुशी तो थी ही, लेकिन इसे बुजुर्गों के साथ बांटने से महसूस हुआ कि जीवन की सबसे बड़ी खुशी वही है, जिसमें किसी दूसरे के चेहरे पर मुस्कान आए।





दीपावली पर भी बांटेंगे खुशियां

अध्यात्म पथ सेवा परिवार अब दीपावली पर भी जरूरतमंद, वंचित और अकेले लोगों के साथ खुशियां साझा करने की तैयारी कर रहा है। उद्देश्य यही है कि त्योहार का प्रकाश केवल घरों तक सीमित न रहे, बल्कि उन लोगों तक भी पहुंचे, जिन्हें अपनत्व और साथ की सबसे अधिक जरूरत है। अनिता मेहता ने भी कहा कि इस बार की वर्षगांठ इसलिए खास रही, क्योंकि उनकी खुशी किसी और के जीवन में भी खुशी बनकर पहुंची।

खुशी बांटने से बढ़ती है

अध्यात्म पथ सेवा परिवार के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि खुशी ऐसी संपत्ति है, जिसे बांटने से वह कम नहीं होती, बल्कि बढ़ती है। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या किसी उपलब्धि के अवसर पर यदि किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके, किसी बुजुर्ग को अपनत्व दिया जा सके या किसी अकेले व्यक्ति के साथ कुछ पल बिताए जा सकें तो यही सबसे सार्थक उत्सव है। उन्होंने कहा कि परिवार का प्रयास लोगों को अपनी निजी खुशियों को सेवा और संवेदना से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। हेमा सक्सेना ने कहा कि अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना केवल सेवा नहीं, बल्कि संवेदना और अपनत्व का उत्सव है। ऐसे छोटे प्रयास समाज में सकारात्मकता का वातावरण बनाते हैं। इस पहल के माध्यम से यही संदेश दिया गया कि खुशियां केवल मनाने की चीज नहीं, बल्कि बांटने का अवसर भी हैं। परिवार की एक छोटी-सी खुशी यदि किसी बुजुर्ग या अकेले व्यक्ति के जीवन में कुछ पल का अपनापन ला सके, तो उस खुशी की सार्थकता कई गुना बढ़ जाती है। यह आयोजन सेक्टर-8 स्थित आस्था वृद्ध आश्रम में किया गया। कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय आर्य, नमित क्षत्रिय, हेमा सक्सेना, सुशीला सिन्हा, पतिराम साहू, धीरज आर्य, कविता पटले, सौम्य देशमुख, नमिता ठाकुर, चन्द्रकान्ता वैष्णव, दीप्ति वैष्णव, देवव्रत वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सिटी स्पोर्ट्स

वीनू मांकड़ ट्रॉफी में आदित्य का अर्धशतक, हरियाणा की हार



रायपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित पुरुष अंडर-19 वीनू मांकड़ वन-डे ट्रॉफी 2026-27 का गुरुवार से हो गया है। प्रतियोगिता के अपने पहले ही मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी और जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया।

पुडुचेरी में खेले गए इस मुकाबले में हरियाणा अंडर-19 टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने अनुशासित और घातक प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा देर टिकने नहीं दिया और पूरी टीम को 42.4 ओवरों में महज 177 रनों पर ढेर कर दिया। हरियाणा की ओर से गोरीश दहिया ने सर्वाधिक 51 रन, संदीप परिहार ने 45 रन और निधीश गौर ने 26 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से धारदार गेंदबाजी करते हुए अगमजोत सिंह सग्गर ने सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए, जबकि उनका साथ निभाते हुए धनंजय नायक ने 3 विकेट और शिवम यादव ने 2 महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं।

178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-19 टीम को सलामी बल्लेबाजों ने 30 रनों की सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने आए आदित्य वर्मा ने 76 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम की जीत की मजबूत नींव रखी, जबकि उनका बखूबी साथ निभाते हुए तेजस्वी कलभोर ने 39 रन बनाए। अंत में कप्तान फैज खान ने संयमित खेल दिखाते हुए नाबाद 19 रन बनाए और टीम को 42.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर जीत दिला दी। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में सिद्धार्थ, आरव और मोहित ने 1-1 विकेट चटकाए। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने टीम की इस शानदार जीत पर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ के एथलीटों ने 10 स्वर्ण सहित जीते 40 पदक



रायपुर। गोवा में आयोजित 37वीं जूनियर वेस्ट जोन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 40 पदक अपने नाम किए, जिनमें 10 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य के 51 खिलाड़ियों ने चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित होने वाली आगामी जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

इस सफलता के पश्चात सभी खिलाड़ियों एवं खेल पदाधिकारियों ने संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग पहुंचकर खेल संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो एवं उप संचालक रश्मि ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। खेल संचालक एवं उप संचालक ने सभी खिलाड़ियों व पदाधिकारियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जी. एस. बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, रवि धनगर, रितिका सिंह, सुदर्शन सिंह, सुनील नायर, अनिरुद्ध सुना, दीपक पटेल, दिनेश तांडी, तुलसी साहू, हिमांशु चंद्राकर, आशीष जायसवाल एवं कपिल चौधरी सहित संघ के पदाधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की तैयारियां जोरों पर



रायपुर। छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन तथा हॉकी इंडिया के तत्वावधान में प्रदेश की पहली फ्रैंचाइज़ी-आधारित 'छत्तीसगढ़ हॉकी लीग' (सीएचएल) की तैयारियां जोरों पर चल रही है।

सीएचएल का पहला सीजन 21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक राजधानी रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में प्रदेश के अलग-अलग सांस्कृतिक एवं भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6 फ्रैंचाइज़ी टीमें—राजधानी रॉयल्स, चित्रकूट चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटंस खिताबी दौड़ में उतरेंगी। लीग चरण के मुकाबलों के बाद अंक तालिका की शीर्ष 4 टीमें नॉकआउट चरण के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि लीग के पहले दिन महिला टीमों के बीच एक विशेष प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी शामिल होंगे।

ऐसे लक्षणों को न करें नजरअंदाज, डॉक्टर से तुरंत लें सलाह

रात में सोते समय अचानक रुकने लगती है सांस तो हो सकते है ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया के लक्षण

अच्छी और सुकून भरी नींद हमारे संपूर्ण शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की नींव होती है। हालांकि, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित जीवनशैली के कारण नींद से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हीं में से एक बेहद गंभीर स्थिति है सोते समय अचानक सांस रुकना या बार-बार नींद टूटना। अधिकांश लोग इसे साधारण थकान या सामान्य खर्राटे समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह रवैया सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। चिकित्सा जगत में इस स्थिति को 'ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया' कहा जाता है, जो शरीर के कई प्रमुख अंगों को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है।



ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया का स्वरूप और कारण

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया वास्तव में एक जटिल स्लीपिंग डिसऑर्डर है, जिसमें सोते समय व्यक्ति के ऊपरी श्वसन मार्ग में बाधा उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण शरीर में सामान्य रूप से सांस का प्रवाह रुक जाता है और व्यक्ति को सांस लेने में भारी तकलीफ होती है। पहले के समय में लोग तेज खर्राटों को गहरी नींद की निशानी मानते थे, लेकिन डॉक्टरों के अनुसार तेज खर्राटे लेना श्वसन नली में रुकावट का स्पष्ट संकेत है। जब श्वसन नली बार-बार अवरुद्ध होती है, तो शरीर और मस्तिष्क तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जिससे व्यक्ति झटके के साथ जाग जाता है। कई मामलों में मरीज को खुद यह पता ही नहीं चल पाता कि रात में उसकी सांस बार-बार अटक रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बीमारी मुख्य रूप से उन लोगों में अधिक देखने को मिलती है जिनका वजन ज्यादा होता है, जिनके पेट पर अत्यधिक चर्बी जमा होती है या जो शारीरिक रूप से निष्क्रिय जीवन बिताते हैं। इसके अलावा, महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इस समस्या का जोखिम काफी अधिक रहता है।



लक्षण और इससे होने वाली अन्य गंभीर बीमारियाँ

इस बीमारी के लक्षणों की पहचान करना बहुत आसान है, यदि समय रहते इन पर ध्यान दिया जाए। स्लीप एपनिया से पीड़ित व्यक्ति का रात में बार-बार गला सूखता है और उसकी नींद बार-बार टूटती है। सोते समय अत्यधिक खर्राटे लेना, सांस के लिए हांफना, दम घुटना और रातभर बेचैनी महसूस होना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा, रात में पूरी नींद न मिल पाने के कारण मरीज को दिनभर अत्यधिक थकान और सुस्ती महसूस होती है तथा उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी आती है। यदि इसका समय पर सही इलाज न कराया जाए तो यह बीमारी शरीर के अन्य अंगों पर भयानक असर डालती है। खून में ऑक्सीजन का स्तर बार-बार गिरने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आगे चलकर हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके साथ ही, यह समस्या शरीर के मेटाबॉलिज्म को बिगाड़कर डायबिटीज के खतरे को भी बढ़ा देती है।

निदान, उपचार और बचाव की सावधानियाँ

स्लीप एपनिया का समय पर निदान करके इससे पूरी तरह बचाव संभव है। यदि आपको या आपके परिवार में किसी को रात में तेज खर्राटे और सांस रुकने की शिकायत है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके 'स्लीप स्टडी टेस्ट' करवाना चाहिए। इस टेस्ट के माध्यम से नींद के दौरान सांस लेने की दर और ऑक्सीजन के स्तर की सटीक जानकारी मिल जाती है। जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाकर भी इससे बचा जा सकता है। वजन को नियंत्रित रखना, नियमित रूप से एरोबिक व स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम करना और शराब व धूम्रपान से दूरी बनाना इसके इलाज का पहला कदम है। इसके अलावा, पीठ के बल सोने के बजाय करवट लेकर सोने की आदत डालनी चाहिए। गंभीर मामलों में डॉक्टर 'सीपैप' (CPAP) मशीन के इस्तेमाल की सलाह देते हैं, जो मास्क के जरिए हवा को श्वास मार्ग में भेजकर रास्ते को खुला रखती है।



यूटीडी रविवि बना हैंडबॉल का चैंपियन

रायपुर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय (पुरुष) हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययन शाला (यूटीडी) रायपुर ने मेजबान विप्र कॉलेज को कड़े संघर्ष के बाद 15-11 (चार गोल के अंतर) से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच में विप्र कॉलेज के 11 गोल के जवाब में यूटीडी ने 15 गोल किए, जिसमें यूटीडी के तुषार मिश्रा ने सर्वाधिक 8 गोल दागे। शानदार प्रदर्शन के लिए तुषार मिश्रा को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।





इससे पूर्व खेले गए मुकाबलों में, उद्घाटन मैच में विप्र कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय राजिम को 8-5 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें विप्र कॉलेज के अमर ने सर्वाधिक 5 गोल किए। दूसरे मुकाबले में नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर ने शासकीय महाविद्यालय आरंग को 18-9 से तथा तीसरे मुकाबले में पेलोटी कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय कुरूद को 9-5 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। पहले सेमीफाइनल में यूटीडी ने पेलोटी कॉलेज को एकतरफा मुकाबले में 10-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें तुषार मिश्रा ने 5 गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 11-7 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्राध्यापक एवं प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की 7 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेक्टर की टीम का गठन किया जाएगा, जो 17 एवं 18 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. ज्ञानेंद्र भाई, राजेश तिवारी एवं पीयूष उपाध्याय की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट टीमों में भिलाई का दबदबा

भिलाई। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की विभिन्न टीमों में स्थान बनाया है। ये खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) तथा सेंट्रल जोन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चयनित खिलाड़ियों में सेंट्रल जोन द्वारा आयोजित अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए अयान सागर, गर्व सचदेव, साईं श्री आदित्य एवं जसराज सिंह सोहल शामिल हैं। वहीं अंडर-16 वर्ग की बलराम दास टंडन मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ए. ऋषिक, अयान सागर, जसराज सिंह सोहल एवं कुंदन कोठारी का चयन हुआ है। बीसीसीआई की अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए चंद्रभूषण साहू तथा अंडर-23 सी. के. नायडू ट्रॉफी के लिए अमरीश कुमार सिंह, दिवाकर ताम्रकार एवं साहिल रजत शरीफ को टीम में जगह मिली है। इसके अतिरिक्त, बीसीसीआई की सबसे प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी टीम में संजीत देसाई एवं मयंक वर्मा का चयन किया गया है। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने बताया कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद जैन, चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी, सचिव भास्कर गोस्वामी, कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह, संयुक्त सचिव एन. अभिलाष, कार्यकारिणी सदस्य बिभाष सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य योगेश शाह, प्रमोद शंकर शर्मा, एन. स्वामीनाथन एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान सहित सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



नवरात्रि पर करें घर का मेकओवर, वास्तु अनुसार लगाएं सही वॉलपेपर

नवरात्रि का पावन पर्व न केवल भक्ति और अध्यात्म का उत्सव है, बल्कि यह हमारे घर और मन में नई ऊर्जा, ताजगी और सकारात्मकता के संचार का भी पावन अवसर है। इस शुभ अवसर पर हर परिवार अपने घर की गहन साफ़-सफ़ाई और नई साज़-सज्जा की तैयारियों में जुट जाता है। घर के मुख्य द्वार और पूजा कक्ष के साथ-साथ बेडरूम का माहौल भी हमारे व्यक्तिगत जीवन और रिश्तों को गहराई से प्रभावित करता है। यदि नवरात्रि के दौरान बेडरूम की सजावट में वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों का सही समावेश किया जाए, तो इससे न केवल घर का सौंदर्य बढ़ता है, बल्कि दांपत्य जीवन में आपसी प्रेम, विश्वास और मधुरता भी सदा बनी रहती है।

वास्तु के अनुसार सही डिजाइन और रंगों का चुनाव

घर को खूबसूरत और आधुनिक लुक देने के लिए आजकल वॉलपेपर का इस्तेमाल बहुत लोकप्रिय हो चुका है, लेकिन बाजार में उपलब्ध सुंदर से सुंदर वॉलपेपर को बिना



सोचे-समझे चुन लेना वास्तु के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। प्रसिद्ध वास्तु विशेषज्ञ डॉ. आनंद भारद्वाज के अनुसार, बेडरूम की दीवारों के लिए हमेशा अर्थपूर्ण और प्राकृतिक डिजाइन वाले वॉलपेपर का ही चयन करना चाहिए। खिले हुए सुंदर फूल-पत्तियां, शांत प्राकृतिक दृश्य या संतुलित ज्योमेट्रिकल डिजाइन बेडरूम के वातावरण में सकारात्मकता और मानसिक शांति लाते हैं। इसके विपरीत, किसी भी प्रकार के अस्पष्ट या एब्सट्रैक्ट वॉलपेपर लगाने से बचना चाहिए, क्योंकि ये चित्र अनजाने में मन में मानसिक अशांति, तनाव और आपसी मतभेद को बढ़ावा देते हैं।

रंगों का चुनाव करते समय दिशाओं के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। यदि आप दक्षिण दिशा की दीवार पर वॉलपेपर लगा रहे हैं, तो उसमें मैरून या गहरे पीले रंग की प्रधानता होनी चाहिए, जबकि दक्षिण दीवार पर काले या अत्यधिक डार्क रंगों से परहेज करना चाहिए। उत्तर दिशा की दीवार के लिए सफेद या ऑफ-व्हाइट वॉलपेपर सबसे शुभ माने जाते हैं। हालांकि उत्तर दिशा में नीला रंग अच्छा माना जाता है, लेकिन बेडरूम की उत्तर दीवार पर नीला वॉलपेपर लगाने से पति-पत्नी के रिश्तों में बेवजह खटास आने की आशंका रहती है। इसके साथ ही पूर्व दिशा की दीवार पर हल्के हरे रंग का वॉलपेपर लगाने से जीवन में नई ऊर्जा और प्रगति का संचार होता है।

थ्री-डी वॉलपेपर के नियम और बरती जाने वाली सावधानियाँ

आजकल घरों में मॉडर्न लुक के लिए थ्री-डी वॉलपेपर लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। वास्तु के सिद्धांतों के अनुसार, 3D वॉलपेपर केवल उत्तर या पूर्व दिशा की दीवार पर ही लगाए जाने चाहिए, क्योंकि इन दिशाओं में यह कमरे की ऊर्जा को संतुलित और समृद्ध बनाते हैं। इन्हें कभी भी दक्षिण या पश्चिम दिशा की दीवार पर नहीं लगाना चाहिए, अन्यथा वास्तु संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है।



कार्नर न्यूज


अपनाएं दैनिक दिनचर्या के ये छोटे लेकिन बेहद असरदार नियम

बीमारियों को कहें बाय-बाय, सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक इस तरह रखें अपना 'हेल्दी डेली रूटीन'

आज का आधुनिक दौर सुविधाओं से जितना समृद्ध है, सेहत के लिहाज से उतना ही चुनौतीपूर्ण भी बन चुका है। भागदौड़ भरी दिनचर्या, गलत खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और बढ़ता मानसिक तनाव हमें अनजाने में ही कई गंभीर बीमारियों की ओर धकेल रहे हैं। चाहे मौसम बदलने के साथ फैलने वाले संक्रामक रोग हों, हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हों या फिर डायबिटीज और बीपी जैसे लाइफस्टाइल डिसऑर्डर—इन सभी दिक्कतों से बचने का एकमात्र स्थायी समाधान एक अनुशासित और स्वस्थ दिनचर्या है। यदि हम अपनी रोजमर्रा की आदतों में थोड़े से सकारात्मक बदलाव कर लें, तो हम अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर जीवन का भरपूर आनंद उठा सकते हैं।

सुबह से रात तक की सेहतमंद जीवनशैली के नियम

एक सेहतमंद दिन की शुरुआत सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुने पानी के सेवन से होनी चाहिए, जो शरीर के डिहाइड्रेशन को दूर करके सभी विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। इसके तुरंत बाद प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग, व्यायाम या टहलने के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जिससे शरीर और मन दोनों में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। आहार की बात करें तो सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण और पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए, जिसमें मौसमी फल, अंकुरित अनाज, अंडे, दूध या नट्स शामिल हों। दोपहर का भोजन बहुत ज्यादा भारी न हो; इसमें हरी सब्जियां, दाल, रोटी, दही और भरपूर सलाद शामिल करना चाहिए तथा भोजन के बाद 10 मिनट हल्की वॉक करने की आदत डालनी चाहिए।



कामकाजी जीवन में लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहने की आदत सेहत के लिए बहुत हानिकारक होती है, इसलिए ऑफिस में काम करते समय हर आधे घंटे में अपनी कुर्सी से उठकर बॉडी स्ट्रेच करें और थोड़ा टहल लें। इसके साथ ही दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पीने का लक्ष्य रखकर शरीर को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है। शाम का खाना यानी डिनर जितना संभव हो सके जल्दी, यानी 6 से 7 बजे के बीच कर लेना चाहिए और भोजन बेहद हल्का होना चाहिए। रात को सोने से पहले एक गिलास हल्के गर्म दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बीमारियों से बचाव होता है। अंत में, रात 10 बजे तक सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बंद करके सोने चले जाना चाहिए ताकि शरीर को 7 से 8 घंटे की गहरी और गुणवत्तापूर्ण नींद मिल सके।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

इंसानी संवेदनाओं और एआई के अनोखे रिश्ते की कहानी 'क्लारा एंड द सन' में, जल्द होगी रिलीज

नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक काजुओ इशिगुरो के चर्चित एवं लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन फिल्म 'क्लारा एंड द सन'




इस अक्टूबर के अंत (23 अक्टूबर) में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म का निर्देशन ऑस्कर विजेता निर्देशक तायका वाइटिटी ने किया है, जिन्होंने इस भावुक और विचारोत्तेजक कहानी को सिनेमाई पर्दे पर उतारा है। फिल्म में हॉलीवुड की युवा स्टार जेना ओर्टेगा 'क्लारा' नामक एक 'आर्टिफिशियल फ्रेंड' की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। क्लारा एक ऐसी अत्याधुनिक रोबोट है, जिसे अकेलापन दूर करने और किसी इंसान की शारीरिक व मानसिक देखभाल के उद्देश्य से बनाया गया है। जेना ओर्टेगा ने इस रोबोटिक किरदार में मासूमियत, कौतूहल और इंसानी भावनाओं को समझने की गहरी छटपटाहट को बेहद बारीकी से जीवंत किया है। फिल्म की कहानी एक अकेली और बीमार युवा लड़की (जोसी) तथा उसकी मां (जिसकी भूमिका ऑस्कर नामांकित अभिनेत्री एमी एडम्स निभा रही हैं) के इर्द-गिर्द घूमती है। मां अपनी बेटी की बीमारी और अकेलेपन से निपटने के लिए क्लारा को खरीदकर घर लाती है। धीरे-धीरे क्लारा उस परिवार का हिस्सा बन जाती है और इंसानी प्यार, दुख, अकेलेपन और निष्ठा को समझने की कोशिश करती है। यह फिल्म केवल तकनीक और भविष्य की दुनिया पर ही आधारित नहीं है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि क्या कोई कृत्रिम बुद्धिमत्ता सचमुच इंसानी दिल और उसकी भावनाओं की जगह ले सकती है?

टॉलीवुड

'जेलर 2' के प्रमोशन के लिए दर्शकों से तीन घंटे रूबरू होंगे रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' के प्रमोशन से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है।



इस बार थलाइवा अपनी फिल्म का प्रचार पारंपरिक तरीकों से हटकर बेहद खास और नए स्टाइल में करने जा रहे हैं। आमतौर पर दक्षिण भारतीय सिनेमा की बड़ी और मेगा बजट फिल्मों के प्रमोशन के लिए भव्य ऑडियो लॉन्च कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। रजनीकांत की पिछली फिल्मों के दौरान भी बड़े आयोजनों में कलाकारों के भाषण, रोचक किस्से और संगीतकार अनिरुद्ध की लाइव परफॉर्मेंस मुख्य आकर्षण हुआ करते थे। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि 'जेलर 2' के लिए भी ऐसा ही भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा, लेकिन निर्माताओं ने इस प्रचलित ढर्रे को बदलते हुए एक सादे और निजी एल्बम लॉन्च का फैसला किया है। इस नए प्रमोशन प्लान के तहत भव्य मंच के बजाय रजनीकांत एक विशेष इंटरव्यू के जरिए सीधे अपने प्रशंसकों और दर्शकों से जुड़ेंगे। 11 अक्तूबर को शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक सन टीवी पर इस तीन घंटे लंबे इंटरव्यू का प्राइम टाइम प्रसारण किया जाएगा, जिसके जरिए वह दर्शकों के साथ बातचीत करेंगे और फिल्म का प्रचार करेंगे। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन और सन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'जेलर 2' आगामी 15 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म में रजनीकांत के साथ शिवराज कुमार, विद्या बालन, राम्या कृष्णन, योगी बाबू, मिर्ना और सूरज वेंजारामूडु जैसे प्रमुख कलाकार भी नजर आएंगे।

छॉलीवुड

सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद अब फिर सिनेमाघरों में लौटेगी 'महाकाव्य श्री रामायण कथा'

अंजलि अरोड़ा स्टारर फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' एक बार फिर चर्चा में आ गई है।



फिल्म की रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर हुई भारी ट्रोलिंग और नकारात्मक प्रचार के बीच मेकर्स ने इसे दोबारा बड़े पर्दे पर रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म के निर्माता प्रकाश महोबिया ने बताया कि दोबारा रिलीज को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और नकारात्मक माहौल तैयार किया गया, जिससे फिल्म की सही तस्वीर और संदेश दर्शकों तक नहीं पहुंच सका। निर्माता प्रकाश महोबिया के अनुसार, कई लोगों ने बिना फिल्म देखे ही इसके खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट बनाया और भ्रामक प्रचार किया। इस वजह से मेकर्स अब ऐसे ट्रोलर्स, यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया पेजों का विवरण जुटा रहे हैं तथा उनके खिलाफ कानूनी नोटिस भेजने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। गौरतलब है कि फिल्म में अंजलि अरोड़ा द्वारा माता सीता का किरदार निभाने पर रिलीज से पहले ही सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई थी। इस पर निर्माता ने स्पष्ट किया कि अंजलि का चयन एक कलाकार के तौर पर किया गया था और पूरी फिल्म में माता सीता के चरित्र को पूर्ण गरिमा एवं शालीनता के साथ पर्दे पर उतारा गया है।

मेकर्स ने कहा कि रामायण हमारी आस्था और जन-भावनाओं से गहराई से जुड़ा विषय है, इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने या राय बनाने से पहले दर्शकों को फिल्म पूरी तरह देखनी चाहिए। अब यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देने के बाद 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' को दर्शकों से कैसा रिस्पॉन्स मिलता है और क्या इस बार यह फिल्म लोगों का दिल जीतने में कामयाब हो पाती है।

रेट्रो-कूल स्टाइल

मैग्निफिक के लेटेस्ट फॉल कलेक्शन फोटोशूट में, मॉडल्स लिली और इयान रेट्रो और कंटेम्परेरी स्टाइल का एक शानदार मिश्रण पेश करते नज़र आ रहे हैं। ओलिव ग्रीन बैकग्राउंड पर यह तस्वीर एक जीवंत और आधुनिक वाइब देती है। लिली का लुक 70 के दशक की याद दिलाता है, जिसमें उन्होंने ब्राउन स्वेड जैकेट और ओलिव ग्रीन स्कर्ट पहनी है, जिसे हाई-नी बूट्स के साथ स्टाइल किया गया है। इयान ने डार्क ब्लू शर्ट-जैकेट और ब्लैक शॉर्ट्स पहने हैं, जिसमें उनकी ब्लू बीनी कैप और लेस-अप बूट्स लुक में स्पोर्टी टच जोड़ रहे हैं। यह कलेक्शन विंटेज रंगों और मॉडर्न कट्स के साथ आरामदायक और फैशनेबल स्टाइल को परिभाषित करता है।



सिलिकॉन स्पंज और ट्राइएंगल पाउडर पफ से निखरेगा रूप

आजकल का भागदाड़ भरा जिदगा म सादय प्रसाधनों का सही चुनाव जितना आवश्यक है, उतना ही महत्वपूर्ण उन्हें लगाने के तरीकों और साधनों का चयन भी है। हाल के दिनों में सौंदर्य जगत में दो नए साधनों ने अपनी एक खास जगह बनाई है—सिलिकॉन स्पंज और ट्राइएंगल (त्रिकोणीय) मखमली पफ। ये दोनों साधन न केवल चेहरे के सौंदर्य प्रसाधनों को सही ढंग से उभारते हैं, बल्कि त्वचा को एक निर्दोष और चिकनी बनावट प्रदान करते हैं।

सिलिकॉन स्पंज

पारंपरिक स्पंज अक्सर तरल प्रसाधनों को सोख लेते हैं, जिससे सामग्री की काफी बर्बादी होती है। इसके विपरीत, सिलिकॉन स्पंज की चिकनी सतह किसी भी प्रकार के द्रव को अपने अंदर नहीं सोखती। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि आपकी बहुमूल्य प्रसाधन सामग्री पूरी तरह से चेहरे पर ही लगती है। इसके अलावा, इसे साफ करना बेहद आसान है। इस्तेमाल के बाद बस पानी और साबुन से धोकर सुखा लेने पर यह पूरी तरह से कीटाणुरहित हो जाता है, जिससे त्वचा संबंधी समस्याओं और मुहांसों का खतरा काफी हद



तक कम हो जाता है।

ट्राइएंगल मखमली पफ

चेहरे के कुछ हिस्से जैसे आंखों के नीचे का भाग और नाक के किनारे अक्सर गोल स्पंज से ठीक तरह से संवर नहीं पाते। ऐसे में ट्राइएंगल मखमली पफ एक वरदान साबित होता है। इसके तीखे कोने आसानी से आंखों के किनारों और नाक की सिलवटों तक पहुंच जात ह। जब पाउडर स चहर का स्थिर किया जाता है, तो यह ट्राइएंगल साधन पाउडर को त्वचा में समान रूप से बिठा देता है, जिससे पसीने या तेल के कारण प्रसाधन खराब नहीं होता।

मखमली बनावट और निर्दोष चमक

ट्राइएंगल पफ की मखमली सतह त्वचा पर बहुत कोमल अहसास देती है। यह पाउडर को अत्यधिक मात्रा में चेहरे पर जमने नहीं देती, बल्कि एक पतली और कुदरती परत बनाती है। इससे चेहरा प्राकृतिक और चमकदार दिखाई देता है, और त्वचा पर किसी भी तरह की रेखाएं या परतें नज़र नहीं आतीं।

आधुनिक रूप पाने के लिए अनिवार्य साधन

यदि आप चाहती हैं कि आपका रूप दिन भर तरोताजा और निखरा हुआ दिखे, तो अपनी सौंदर्य थैली में इन दोनों साधनों को अवश्य शामिल करें। सिलिकॉन स्पंज जहाँ बुनियादी परत को उभारने में मदद करता है, वहीं ट्राइएंगल पफ अंतिम स्पर्श को एकदम सटीक और टिकाऊ बनाता है। इन दोनों साधनों का संतुलन आपको हर अवसर पर एक आदर्श और आकर्षक रूप प्रदान करेगा।

सदाबहार फैशन में लॉन्ग डेनिम स्कर्ट्स का जलवा



फैशन की दुनिया में रुझान आते-जाते रहते हैं, लेकिन कुछ पहनावे ऐसे होते हैं जो समय के साथ और अधिक निखर कर सामने आते हैं। इन दिनों परिधानों के बाज़ार और गलियारों में 'लॉन्ग डेनिम स्कर्ट' का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। नब्बे के दशक का यह मशहूर परिधान एक बार फिर नए रंग-रूप और आधुनिक बनावट के साथ लौट आया है। यह न केवल पहनने में बेहद आरामदायक है, बल्कि आपको एक ही समय में सुरुचिकर और आधुनिक रूप भी प्रदान करता है।



बहुमुखी प्रतिभा और हर अवसर के लिए पहली पसंद

इस परिधान की सबसे बड़ी खासियत इसकी बहुमुखी प्रतिभा है, जिसके कारण यह हर महिला की पहली पसंद बन चुकी है। इसे किसी भी मौसम और किसी भी अवसर पर आसानी से पहना जा सकता है। चाहे कॉलेज जाना हो, दोस्तों के साथ दोपहर की चाय पर मिलना हो या फिर शाम की कोई अनौपचारिक दावत हो, यह स्कर्ट हर जगह अपनी एक अलग पहचान बनाती है। इसकी लंबी बनावट जहाँ एक ओर शालीनता देती है, वहीं इसका डेनिम कपड़ा एक आकर्षक और बिंदास रूप प्रस्तुत करता है।



विभिन्न शैलियों और पोशाकों के साथ संयोजन

आप लॉन्ग डेनिम स्कर्ट को अपने मिज़ाज और मौके के हिसाब से कई शैलियों में सजा सकती हैं। यदि आप एक ढीली-ढाली या सामने से कटी हुई (फ्रंट-स्लिट) डेनिम स्कर्ट पहन रही हैं, तो इसके साथ छोटा सादा क्रॉप टॉप बेहद सुंदर लगता है, जो आपकी कमर के हिस्से को एक संतुलित रूप देता है। वहीं अगर आप थोड़ा गंभीर और दफ्तरी रूप चाहती हैं, तो स्कर्ट के साथ एक सादी सूती या रेशमी शर्ट पहनकर उसे अंदर दबा सकती हैं और कमर पर पतली बेल्ट लगा सकती हैं।

घर पर ही तैयार करें बिना केमिकल वाला शैंपू, बालों को मिलेगी मजबूती

हर लड़की चाहती है कि उसके बाल कमर से भी लंबे हों और रेशम से लहराते रहें, लेकिन प्रदूषण की वजह से ऐसा हो पाना काफी मुश्किल हो जाता है। प्रदूषण के साथ-साथ बाहरी खान-पान भी बालों के डैमेज होने का एक बड़ा कारण है। इसी के चलते बालों को सही पोषण नहीं मिल पाता, जिस वजह से बाल झड़ने लगते हैं। बालों की देखभाल के लिए ज्यादातर महिलाएं खूब महंगे-महंगे शैंपू भी इस्तेमाल करती हैं, लेकिन उसका भी कुछ ज्यादा लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। ऐसे में अगर केमिकल वाले शैंपू की वजह से आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो घर पर चार चीजों के इस्तेमाल से शैंपू तैयार करें।

यहां हम आपको घर पर ही शैंपू बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। इस शैंपू को बनाने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया गया है, वो सभी बालों के लिए काफी लाभदायक हैं।



शैंपू बनाने की विधि

घर पर शैंपू बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको 5-6 रीठा, 2 चम्मच आंवला पाउडर, 5-6 शिकाकाई फली, और 1 चम्मच मेथी दाना की जरूरत पड़ेगी। शैंपू तैयार करने के इन सभी चीजों को 2-3 कप पानी में रात भर भिगोकर रखें। इसके बाद अगले दिन इसे धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक उबालें। कुछ समय के बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे छानकर शैंपू की तरह इस्तेमाल करें। इसे 1-2 सप्ताह तक फ्रिज में स्टोर किया जा सकता है। नियमित रूप से इस शैंपू के इस्तेमाल से आपके बाल प्राकृतिक रूप से साफ और स्वस्थ रहेंगे।

बालों में गजरे की जगह लगाएं ये एक्सेसरीज, लुक दिखेगा सबसे जुदा

त्यौहारों और शादियों का दिन हर भारतीय महिला के लिए बेहद खास होता है। ऐसे दिनों में महिलाएं नए-नए कपड़े से लेकर गहने तक पहनती हैं। सजने के लिए बहुत सी महिलाएं बालों में गजरा लगाती हैं। ऐसे में अगर आप अलग दिखना चाहती हैं तो गजरे की जगह अलग अपने बालों में अलग तरह की हेयर एक्सेसरीज लगाएं।

गोल्ड एक्सेसरीज

ऐसी एक्सेसरीज को आप घर पर ही तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आपको चार से पांच पेंडेंट चाहिए होंगे। इसे एक दूसरे में अटैच करके अपनी चोटी में लगाएं। ये आपको रॉयल लुक देने का काम करेगी। इसके साथ ज्वेलरी हल्की ही पहनें।

मिरर परांदा

कुछ अलग स्टाइल की एक्सेसरीज ट्राई करनी है तो ऐसी शीशे लगी हेयर एक्सेसरीज ट्राई करें। इसे आप चाहें तो चोटी में अटैच करें। अगर चोटी नहीं बनानी तो आप जूड़ा बनाकर इसे उसमें भी लपेट सकते हैं। जूड़े में लगाते वक्त आपको इसके नीचे का परांदा हटाना पड़ेगा।



नकली गजरा

अगर आपको गजरा लगाने का मन है, लेकिन असली फूलों का इस्तेमाल नहीं करना तो ऐसे नकली गजरे का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। ऐसी हेयर एक्सेसरीज सिर्फ स्लीक बन के साथ ही अच्छी लगती है।

क्रोशिया स्क्रंची

आजकल लड़कियों को बालों में रबड़ बैंड बांधने की वजह स्क्रंची बांधना पसंद आता है। ऐसे में आप अपने लुक में स्क्रंची एड कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

छा गया सुलभ और आधुनिक फैशन का नया दौर

रिलैक्स्ड और वाइड-लेग ट्राउजर्स देते हैं तंग कपड़ों से मुक्ति, मेंस फैशन में हैं ट्रेंडिंग

आधुनिक शैली के फैशन का चक्र हमेशा बदलता रहता है, लेकिन इस बार जो बदलाव आया है, उसने आराम और आकर्षण का एक बेहतरीन संतुलन बनाया है। कई वर्षों तक पुरुषों और महिलाओं की अलमारी पर राज करने वाले स्लिम-फिट (तंग बनावट) वाले कपड़ों की जगह अब रिलैक्स्ड-फिट (ढीली-ढाली बनावट) और वाइड-लेग (चौड़े पायंचे वाले) परिधानों ने ले ली है। वर्तमान समय में रिलैक्स्ड-फिट चिनोज़ (ढीली सूती पतलून), वाइड-लेग फ्लेक्सिबल ट्राउजर्स (चौड़े और लचीले पायंचे वाली पतलून) और बैगी जींस (अत्यधिक ढीली डेनिम पतलून) का ट्रेंड (चलन) पूरी दुनिया में सिर चढ़कर बोल रहा है। यह नया रुझान न केवल शरीर को सांस लेने की जगह देता है, बल्कि एक बिंदास और आधुनिक छाप भी छोड़ता है।

आराम और स्वाभाविकता का अनूठा संगम

रिलैक्स्ड-फिट (ढीली-ढाली बनावट) कपड़ों के लोकप्रिय होने का सबसे बड़ा कारण इनका अत्यधिक आरामदायक होना है। तंग कपड़ों के



विपरीत, चौड़े पायंचे वाले ट्राउजर्स (पतलून) में दिन भर बिना किसी परेशानी के काम किया जा सकता है। चाहे दफ्तर में लंबे समय तक बैठना हो, बाजार में घूमना हो या फिर किसी यात्रा पर निकलना हो, यह शैली हर स्थिति में शरीर को सहज बनाए रखती है। इसके साथ ही, यह पतलून शरीर की प्राकृतिक बनावट को बहुत ही स्वाभाविक और सुंदर ढंग से प्रस्तुत करती है, जिससे पहनने वाले का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

सही संयोजन और स्टाइलिंग (सज्जा)

इन ढीले ट्राउजर्स (पतलून) की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन्हें अवसर के अनुसार आसानी से ढाला जा सकता है। एक रिलैक्स्ड-फिट चिनोज़ (ढीली सूती पतलून) को जब एक सादे कैजुअल शर्ट (अनौपचारिक कमीज़) या ओवरसाइज़्ड टी-शर्ट (बड़े आकार की टी-शर्ट) के साथ पहना जाता है, तो यह एक बहुत ही आकर्षक स्ट्रीट-स्टाइल (शहरी सड़क-शैली) लुक (रूप) प्रदान करता है। वहीं दूसरी ओर, अगर आप दफ्तरी या औपचारिक वातावरण के लिए तैयार हो रहे हैं, तो वाइड-लेग ट्राउजर्स (चौड़े पायंचे वाली पतलून) के साथ एक टक्ड-इन (अंदर दबाई हुई) औपचारिक कमीज और ब्लेज़र (सूट का कोट) का संयोजन एक अत्यंत सुरुचिकर और गंभीर छाप छोड़ता है।

जूते और एक्सेसरीज़ का सटीक चयन

चौड़े और ढीले पायंचे वाले कपड़ों के साथ सही फुटवियर (जूते) चुनना बहुत महत्वपूर्ण होता है। रिलैक्स्ड-फिट (ढीली बनावट) वाले बैगी जींस (ढीली डेनिम पतलून) या चिनोज़ (सूती पतलून) के साथ क्लासिक स्नीकर्स (परंपरागत खेल के जूते) सबसे शानदार दिखते हैं, जो आपके पूरे रूप को एक तरोताजा और युवा अंदाज़ देते हैं। औपचारिक अवसरों के लिए चौड़े पायंचे वाली पतलून के साथ लेदर लोफर्स (चमड़े के बिना फीते वाले जूते) या बूट्स (ऊंचे जूते) पहनना बेहतरीन विकल्प है। इसके साथ ही एक साधारण लेदर बेल्ट (चमड़े की पेटी) और घड़ी आपकी इस शैली को पूर्णता प्रदान करती है।

हर शारीरिक बनावट के लिए एक बेहतरीन विकल्प

रिलैक्स्ड और वाइड-लेग ट्राउजर्स (चौड़े व ढीले पायंचे वाली पतलून) की एक और बड़ी विशेषता यह है कि यह हर प्रकार की शारीरिक बनावट पर बेहद फबता है। यह पतले शरीर वाले लोगों को थोड़ा फैलाव और संतुलन प्रदान करता है।